


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 36 अंक 198 | कोरबा, सोमवार, दिनांक 21 अप्रैल 2025 डाक 22 अप्रैल 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
कोई जनेऊ उतरवा रहा है, कोई ब्राह्मण पर पेशाब करने की बात कर रहा है, आखिर ब्राह्मणों ने बिगाड़ा क्या है ?



**देश-विदेश**
पिता करुणानिधि की राह पर 50 साल बाद सीएम स्टालिन तमिलनाडु की स्वायत्तता के लिए 1974 में पेश किया था प्रस्ताव



**फीचर पेज**
प्राकृतिक सुंदरता, ठंडे मौसम और शांति के लिए प्रसिद्ध है कोडाइकनाल



# आम आदमी पार्टी मेयर चुनाव में नहीं उतारेगी उम्मीदवार, भाजपा के लिए रास्ता खुला

**नईदिल्ली, 21 अप्रैल [एजेंसी]।**



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में मेयर चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) ने बड़ा फैसला लिया है। पार्टी ने घोषणा की है कि वह इस बार मेयर चुनाव में अपना उम्मीदवार नहीं उतारेगी और भाजपा को मेयर बनाने का पूरा अवसर देगी। इस बात की जानकारी आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी और प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने दी है। आतिशी ने कहा कि भाजपा हमेशा पिछले दरवाजे से सत्ता में आने की कोशिश करती रही है। हमने यह पैटर्न कई राज्यों में देखा है, जहां जनादेश न होने के बावजूद भाजपा ने सरकार बनाई। दिल्ली नगर निगम चुनाव को भी जानबूझकर गुजरात विधानसभा चुनाव के साथ कराया गया ताकि आम आदमी पार्टी की ताकत को कमजोर किया जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले ढाई वर्षों से भाजपा आम आदमी पार्टी के पार्षदों पर दबाव बनाकर, डराकर और लालच देकर अपने पाले में लाने की कोशिश कर रही है।

लेकिन आम आदमी पार्टी इस तरह की राजनीति में विश्वास नहीं करती। हम दिल्ली की जनता का सम्मान करते हैं और किसी भी पार्षद को तोड़ने की कोशिश नहीं करेंगे। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आम आदमी पार्टी को एमसीडी में 134 सीटें मिली थीं जबकि भाजपा को 104 सीटें। बावजूद इसके भाजपा लगातार तोड़फोड़ की राजनीति कर रही है और अपनी संख्या बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा को अब ट्रिपल इंजन नहीं, बल्कि चार इंजन की सरकार बनाने का मौका मिल गया है। अब भाजपा को चाहिए कि वह जनता से किए गए अपने वादे पूरे करे।

## भाजपा ने राजा इकबाल और जय भगवान यादव के नाम पर लगाई मुहर

*__नई दिल्ली।__ राजधानी दिल्ली में होने वाले मेयर चुनाव को लेकर बीजेपी ने अपने पत्ते खोल दिए हैं। भाजपा ने नामांकन के आखिरी दिन यानी सोमवार को महापौर और उप-महापौर के प्रत्याशियों के नाम पर अंतिम मुहर लगा दी है। भाजपा ने महापौर के लिए राजा इकबाल सिंह को मेयर प्रत्याशी बनाने का ऐलान किया है, जबकि उप-महापौर के लिए जय भगवान यादव के नाम की घोषणा की है। वहीं, माना जा रहा है कि अब राजा इकबाल का महापौर बनना लगभग तय हो गया है। वहीं, जय भगवान यादव का उप-महापौर बनना तय माना जा रहा है।*

# चार दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचे जेडी वेंस, पत्नी-बच्चों संग अक्षरधाम मंदिर पहुंचे



**नईदिल्ली, 21 अप्रैल [एजेंसी]।**

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भारत पहुंच गए हैं। संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के उपराष्ट्रपति के साथ द्वितीय महिला उषा वेंस के साथ पालम हवाई अड्डे पर पहुंचे। यहां केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उनका स्वागत किया। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, द्वितीय महिला उषा वेंस अपने बच्चों के साथ अक्षरधाम मंदिर पहुंचे। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भारत की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर हैं और आज बाद में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करेंगे।

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भारत की पहली आधिकारिक यात्रा पर कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की विदेश नीति के माध्यम से दुनिया भर के देशों से बेहतर संबंध बनाए हैं... आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में भारत है, दुनिया का ब्राइट स्पॉट अर्थव्यवस्थाओं की दृष्टि से भारत है... भारत-अमेरिका के रिश्ते पहले से बहुत मजबूत हुए हैं और निश्चित तौर पर इस मुलाकात के साथ और मजबूत होने जा रहे हैं...

उन्होंने आगे कहा, कांग्रेस वह दल है जिनके पहले प्रधानमंत्री से लेकर अंत तक वे सदा डॉ. भीमराव अंबेडकर का विरोध करते रहे हैं। संविधान को कुचलने का काम किसी ने किया है तो वह कांग्रेस पार्टी ने किया है... आज राहुल गांधी हंसी का पात्र बन जाते हैं जब वे बाबा साहब की तस्वीर उठाते हैं... यदि किसी ने डॉ. भीम राव अंबेडकर को सम्मान दिया है तो वह भाजपा है... कांग्रेस सदा संविधान विरोधी रही है... अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दो अप्रैल को अमेरिका के सभी कारोबारी साझेदारों पर जवाबी टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। हालांकि बाद में ट्रंप ने चीन को छोड़कर अन्य सभी देशों पर लगाए गए टैरिफ को 90 दिन के लिए स्थगित कर दिया। इसके बाद से ही अमेरिकी नेता अलग-अलग देशों के साथ बातचीत कर द्विपक्षीय समझौतों के जरिये इस मुद्दे को सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति सोमवार को दिल्ली में अक्षरधाम मंदिर जाएंगे। अगले दिन वह जयपुर जाएंगे, जहां वह और उनकी पत्नी उषा वेंस यूनेस्को की वैश्विक धरोहर में शामिल आमेर किला समेत कई ऐतिहासिक इमारतों को देखेंगे। 23 अप्रैल की सुबह वेंस परिवार के साथ आगरा में ताजमहल का दीदार करेंगे।

## पश्चिम बंगाल में लगे राष्ट्रपति शासन, सुप्रीम कोर्ट पहुंचे वकील विष्णु शंकर जैन, मंगलवार को होगी सुनवाई



**नईदिल्ली, 21 अप्रैल ।**

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में जारी हिंसा और सुप्रीम कोर्ट पर हो रही बयानबाजी के बीच पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन की मांग वाली याचिका पर सुनवाई हुई। सुप्रीमकोर्ट के वकील विष्णु शंकर जैन ने वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 के अधिनियमन के बाद हाल ही में हुई हिंसा के मद्देनजर पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग करने वाली एक रिट याचिका से संबंधित मामले का उल्लेख किया। वकील विष्णु शंकर जैन ने न्यायमूर्ति बीआर गवई और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के समक्ष पेश होकर मामले का उल्लेख किया ।

# पेड़ से टकराकर कार के परखच्चे उड़े : 6 लोगों की मौत, मृतकों में चार एक ही परिवार के, गैस कटर से काट कर निकाले शव

**कुशीनगर, 21 अप्रैल [एजेंसी]।**

नेबुआ नौरंगिया में भुजौली शुक्ल गांव के समीप रविवार की रात 11 बजे कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार में सवार आठ लोगों में छह की मृत्यु हो गई। दो गंभीर रूप से घायल हैं, उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में नरायनपुर चरगहां गांव के हरेंद्र मद्धेशिया, रंजीत मद्धेशिया, ओमप्रकाश मद्धेशिया, मुकेश मद्धेशिया एक ही परिवार के हैं। भीम यादव पड़ोसी हैं। एक की पहचान नहीं हो सकी है। घायल बजरंगी अहारौली बाजार थाना के



अहिरौली भठही के तो राजकिशोर नरायनपुर चरगहां के रहने वाले हैं।

पडरौना की तरफ से खड्डा की ओर जा रही कार भुजौली शुक्ल के पास अचानक अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे पेड़ से जा भिड़ी। गति सामान्य से अधिक होने के चलते कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। आगे की सीट पर सवार तीन लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पीछे बैठे घायल पांच लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उपचार के दौरान तीन ने दम तोड़ दिया।

# बोकारो में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 8 नक्सली ढेर, एक करोड़ का इनामी भी शामिल



**बोकारो, 21 अप्रैल [एजेंसी]।**

बोकारो जिले के लुगू पहाड़ की तलहटी में पुलिस व सीआरपीएफ की टीम के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ चल रही है। इस मुठभेड़ में 8 नक्सलियों के मारे जाने की सूचना है। सुरक्षा बलों की टीम की अगुवाई कोयला क्षेत्र के डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा, एसपी मनोज स्वर्गियारी समेत अन्य अधिकारी कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि 209 कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन (कोबरा) के जवानों, झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ के संयुक्त अभियान है। इसमें आठ नक्सली मारे गए और दो इंसास राइफल, एक सेल्फ लोडिंग राइफल (एसएलआर), एके47 और एक पिस्तौल सहित कई हथियार जब्त किए गए हैं। सुरक्षाकर्मियों में से किसी के घायल होने की खबर नहीं है। कोबरा सीआरपीएफ की विशेष जंगल युद्ध इकाई है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार एक करोड़ के इनामी विवेक, 25 लाख के इनामी स्पेशल एरिया कमेटी सदस्य अरविंद यादव के मारे जाने की खबर है। ग्रामीणों के अनुसार सुबह चार बजे से ही लुगू पहाड़ की तलहटी के चोरगांवा मुंडाटोली के आस-पास गोलियों की तड़तड़ाहट की आवाज सुनकर उन लोगों की नींद खुली।

बाहर निकल कर देखा गया तो भारी संख्या में पुलिस बल आस-पास के इलाके में मौजूद था। आस-पास के इलाके में पुलिस ने सघन जांच अभियान शुरू कर दिया है।

# इंडस्ट्रियल एरिया की जूता-चप्पल फैक्ट्री में लगी भीषण आग, पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई



**नई दिल्ली।** दिल्ली के लॉरेंस रोड इंडस्ट्रियल एरिया में सोमवार सुबह एक जूता-चप्पल बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। दमकल विभाग की एक दर्जन से ज्यादा गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग बुझाने की कोशिश में जुटी हैं, लेकिन आग के विकराल रूप को देखते हुए इसे काबू करना चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, आग सुबह के समय अचानक भड़की। आग की लपटें और धुएं का गुबार इतना ज्यादा था कि आसपास की फैक्ट्रियों को भी एहतियातन खाली कराया गया। राहत और बचाव कार्य तेजी से चलाए जा रहे हैं, ताकि कोई जनहानि न हो। अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन आग की वजह से फैक्ट्री में भारी नुकसान होने की आशंका है। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि मामले की सूचना 7.20 पर फायर कंट्रोल रूम को मिली। जिसके बाद गाड़ियों को रवाना किया गया। अभी तक किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है। आग पर काबू पाने के लिए टीमें लगातार काम कर रही हैं। हालांकि, आग लगने के सटीक कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।

# सिस्टम में बड़ी गड़बड़ी... निर्वाचन आयोग ने भी समझौता कर लिया

## राहुल गांधी ने अमेरिका में उठाया महाराष्ट्र चुनाव का मुद्दा

**नईदिल्ली, 21 अप्रैल [एजेंसी]।**

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी अमेरिका पहुंच चुके हैं। अमेरिकी शहर बोस्टन स्थित ब्राउन विश्वविद्यालय में राहुल गांधी ने छात्रों के एक सत्र को संबोधित किया। इसमें उन्होंने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव व निर्वाचन आयोग की पारदर्शिता का मुद्दा उठाया। राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव आयोग ने समझौता कर लिया है। अपने संबोधन में राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव में वहां के वयस्कों से अधिक लोगों ने मतदान किया। चुनाव आयोग ने शाम को साढ़े पांच बजे मतदान के आंकड़े जारी किए। शाम 5.30 से 7.30 के बीच 65 लाख मतदाताओं ने मतदान किया। मगर यह शारीरिक रूप से संभव नहीं है। राहुल गांधी ने तर्क दिया कि एक वोट डालने में लगभग 3 मिनट का समय लगता है। अगर आप थोड़ी सी भी गणित लगाएंगे तो इसका अर्थ यह हुआ कि रात दो बजे तक लोगों की लाइन लगी रही होगी।

# यह हिंदू-मुस्लिम विभाजन का परिणाम है, बंगाल हिंसा पर बोले फारूक अब्दुल्ला



**जम्मू।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने रविवार को कहा कि बंगाल में हाल ही में हुई हिंसा देश में बढ़ते हिंदू-मुस्लिम विभाजन का सीधा नतीजा है। उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक नफरत के कारण देश कमजोर हो रहा है। उन्होंने लोगों से एकजुट होने और एकता का प्रदर्शन करने का अनुरोध किया। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि खतरा पाकिस्तान या चीन से नहीं बल्कि देश के भीतर उन लोगों से है, जो धर्म के नाम पर नफरत फैला रहे हैं। जम्मू के सीमावर्ती क्षेत्र मढ़ में सेवानिवृत्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहन लाल कैथ का पार्टी में स्वागत करने के लिए अपनी पार्टी द्वारा आयोजित एक जनसभा को संबोधित करने के बाद वह पत्रकारों से बात कर रहे थे। स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने के बाद पिछले साल विधानसभा चुनाव में असफल रहे कैथ ने कहा कि उन्होंने अपने समर्थकों से सलाह-मशविरा करने के बाद सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल होने का फैसला किया और जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया। भाजपा पर परोक्ष हमला करते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि हाल ही में बंगाल में हुई हिंसा देश भर में फैले सांप्रदायिक विभाजन का नतीजा है। फारूक ने कहा कि मुस्लिम विरोधी बयानबाजी और समुदाय के घरों, मस्जिदों और स्कूलों पर बुलडोजर चलाने से वे चरम पर पहुंच गए हैं। सरकार उनकी कार्रवाई की वैधता साबित नहीं कर सकती, जिस पर आखिरकार सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। उन्होंने कहा कि देश में हिंदुओं और मुसलमानों के लिए अलग-अलग कानून नहीं हैं।

## बीसीसीआई ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का किया ऐलान, ए+ कैटेगरी में विराट-रोहित, ईशान-श्रेयस की हुई वापसी


**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने पुरुष खिलाड़ियों के सालाना सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की घोषणा कर दी है। ए प्लस कैटेगरी में इस बार चार खिलाड़ियों को शामिल किया गया है, जिसमें रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा का नाम शामिल है। वहीं सालाना कॉन्ट्रैक्ट में ईशान किशन और श्रेयस अय्यर की वापसी हुई है।



## कनाडा में हिंदू मंदिर पर हमला, खालिस्तान समर्थकों ने तीसरी बार बनाया निशाना



**ब्रिटिश कोलंबिया (कनाडा)।** कनाडा में एक बार फिर हिन्दू मंदिर पर हमले की खबर सामने आ रही है। कनाडा के एक पत्रकार ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए इसकी जानकारी दी है। इस हमले के पीछे खालिस्तानी समर्थकों का हाथ है। यह तीसरी बार है जब कनाडा में किसी हिन्दू मंदिर को निशाना बनाया गया है। कनाडा में हिंदूफोबिया तेजी से पैर पसार रहा है। कैनिडियन हिंदू चैंबर ऑफ कॉमर्स ने भी इस पर चिंता जताई है। CHCC ने हिन्दू मंदिर पर हमले की वीडियो शेयर करते हुए कड़े शब्दों में इसकी निंदा की है।







स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## विशिष्ठ सेवा सम्मान से सम्मानित हुए कई नागरिक, पत्रकार, लायन दिग्गज एवं अध्यापक

# एनकेएम एलपीएस खरहरकुड़ा का 9वां स्थापना दिवस : अभिनेता असरानी बोले-शिक्षा से ही संभव है बेहतर जीवन



**कोरबा/मड़वारानी।** 19 अप्रैल को कोरबा जिले के मड़वारानी के पास स्थित ग्राम खरहरकुड़ा में संचालित छत्तीसगढ़ का एक मात्र 07 स्टार रैंकिंग प्राप्त सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल ने अपना शानदार 9वां स्थापना दिवस विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ दिग्गज फिल्म हास्य अभिनेता असरानी, लायन दिग्गजों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के तैल्यचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

अतिथि के रूप में मुंबई से आए दिग्गज फिल्म हास्य अभिनेता ने मंच से अपने उद्बोधन में सबसे पहले शोले के सबसे विख्यात डायलॉग हम अंग्रेज जमाने के जेलर...सहित कई डायलॉग बोलकर उपस्थित हजारों लोगों को 10 मिनट तक हंसाते रहे... गुदगुदाते रहे। आगे उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही भविष्य उज्ज्वल और सुखमय बनता है। वनांचल क्षेत्र में लायन राजकुमार अग्रवाल ने नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल की स्थापना कर ग्रामीण और गरीब बच्चों को शिक्षा देने का जो बीड़ा उठाया है वह आज के जमाने में अतुलनीय कार्य है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के चेयरमेन ने मंच से जो घोषणा की, उससे दर्शक दीर्घा तालियों से गूंज उठा। लायन अग्रवाल ने प्रतिभावान बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए सहयोग करने की घोषणा की। कोरोना काल में जिन बच्चों ने अपने माता-पिता खोए उनकी शिक्षा निःशुल्क की गई है। उन्होंने बताया कि विद्यालय शिक्षा सेवा से संचालित हो रहा है जहां पर बच्चों के लिए सभी संसाधन उपलब्ध हैं। यहां के बच्चों ने राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में गोल्ड मेडल लाया, बच्चों ने जेईई में देश में टॉपटेन में अपना नाम दर्ज कराया। यहां शिक्षा के साथ-साथ कैरियर गाइडेंस, खेल गतिविधियों के साथ अन्य शैक्षणिकेत्तर गतिविधियों से बच्चों को अध्यापक आगे बढ़ा रहे हैं।

द इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायंस क्लब्स डि-3233 सी के नवनिर्वाचित डिस्ट्रिक्ट गर्वनर लायन विजय अग्रवाल एवं विडिजी-2 लायन पवन मलिक सहित टीम का सम्मान किया गया। लायन विजय अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा का दान लायनिज्म का सबसे बड़ा उदाहरण है। लायन पवन मलिक ने कहा कि वैसे तो हमारे अग्रज लायन राजकुमार पूरे इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा सेवा करने वाले लायन सदस्य हैं, लेकिन वनांचल क्षेत्र में यह स्वर्ग सा नजारा मेरे लिए एक अद्भुत अनुभव है, मैं यहां आकर रोमांचित और गर्व महसूस कर रहा हूं। जिला पंचायत सदस्य रज्जाक अली, राजयोग शिक्षिका बीके रचना दीदी ने भी विद्यालय की स्थापना को समाज सेवा का अदभूत उदाहरण बताया। कार्यक्रम में विशिष्ट क्षेत्रों में योगदान देने वाले नागरिकों, पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों का भी सम्मान किया गया है। इस अवसर पर बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों, आर्केस्ट्रा ने घण्टों तक लोगों का मन मोह लिया। सत्या जायसवाल एवं उनकी टीम का शानदार संगीतमय कार्यक्रम से लोग रोमांचित हुए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में इंटरनेशनल एसोसिएशन से आये लायन दिग्गज, नागरिकगण, अध्यापकगण, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित थे। यहां उपस्थित सभी लोगों ने एनकेएम एलपीएस के 9वें स्थापना दिवस पर जश्न मनाया और स्वादिष्ट व्यंजनों का लुफ्त उठाया। इस अवसर पर स्वर्गीय नितेश कुमार के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन भी किया गया।

# जिले में जल्द दौड़ेगी 40 ई-बस

### प्रदूषण से निजात के साथ सार्वजनिक यात्री परिवहन को मिलेगा बढ़ावा

**कोरबा ।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री ई-बस योजना के तहत कोरबा को भी 40 ई-बस मिलने जा रही है। निगम प्रशासन के अनुसार जल्द यह बस कोरबा पहुंच सकती हैं।

कोरबा शहर देश के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में शामिल है। ठंड के मौसम में यहां का एक्यूआई लेवल 300 तक भी दर्ज किया जा चुका है। ऐसे में प्रदूषण से हांफते कोरबा में प्रदूषण को नियंत्रित करने की दिशा में ई-बस योजना काफी कारगर साबित हो सकती हैं। राज्य में प्रदूषण कम करने और सार्वजनिक यात्री परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में यह काफी महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

इस योजना अंतर्गत राज्य के चार बड़े शहरों रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई और कोरबा में ई-बस सेवा शुरू होगी। कोरबा में सर्वमंगल कोरबा थीम के तहत विभिन्न काम हो रहे हैं। जिसके तहत शहर के चहुंमुखी विकास की योजना बनाई जा रही है। पीएम ई-बस योजना के तहत कोरबा जिले को 40 ई-बस की स्वीकृति मिली है। जल्द ही इसकी आपूर्ति होगी। कोरबा जैसे प्रदूषित शहर के लिए यह कदम नागरिकों को पर्यावरण के अनुकूल, सस्ता और विश्वसनीय यात्री परिवहन सुविधा प्रदान करेगा, जिससे सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा मिलेगा। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तर पर सूडा और जिला स्तर पर शहरी लोक सेवा सोसायटी को नोडल एजेंसी के रूप में दायित्व सौंपा जाएगा। कोरबा जिले और अंचल में कई मार्ग ऐसे हैं, जहां सार्वजनिक यात्री सुविधाओं की आवश्यकता है। कोरोनाकाल के बाद सिटी बसों का भी नियमित तौर पर संचालन नहीं किया जा रहा है। उपनगरीय क्षेत्र कुसमुंडा, गेवरा, बांकीमोंगरा, दर्री और रजगामार से बड़े पैमाने में लोग शहर आते हैं। फिर चाहे वह रोजमर्रा के कामकाजी लोग हो या फिर नौकरी पेशा युवा और महाविद्यालय जाने वाले छात्र सभी सार्वजनिक यात्री परिवहन की लचर व्यवस्था से जूझते हैं। शाम को 6 बजे के बाद शहर से उपनगरीय क्षेत्र की ओर जाने के लिए सार्वजनिक परिवहन की सुविधा एक तरह से ठप्प हो जाती है। ऑटो और इस तरह के निजी वाहनों को महंगा किराया देना पड़ता है। रेलवे स्टेशन से भी अपने गंतव्य तक जाने के लिए पर्याप्त वाहनों के सुविधा नहीं मिल पाती। ऐसे में ई-बस शुरू होती हैं, तो लोगों को राहत मिलेगी।

# बंजर जमीन बनाया उपजाऊ खेती से कर रहे बंपर कमाई

**कोरबा ।** जिले के भटगांव क्षेत्र में कृषक दिलीप कुमार कंवर ने अपनी बंजर जमीन को पहले उपजाऊ बनाया और फिर उस पर सूरजमुखी और मूंगफली की खेती करनी शुरू कर दी। आज इस किसान की बंपर कमाई हो रही है।

जानकारी के अनुसार दिलीप कुमार कंवर आदिवासी समुदाय से आते हैं। उनके पास जो थोड़ी सी जमीन थी वह भी पूरी तरह बंजर थी। उन्होंने अपने खेत को उपजाऊ बनाने की ठानी। खेतों की महीनों तक खूब जुताई की और उनमें जैविक खाद डाला। इस तरह से जमीन फसल लगाने के लिए पूरी तरह से तैयार हो गई। दिलीप जानकारी देते हुए बताते हैं कि जब खेत पूरी तरह से तैयार हो गए तो उन्होंने इस पर धान-गेहूं की जगह सूरजमुखी की खेती करने की सोची। वह बताते हैं कि पहली बार मैंने रतनपुर में सूरजमुखी के खेत देखे थे। फिर इस खेती की पूरी जानकारी ली। इसके बाद सूरजमुखी के बीज खरीदकर अपने खेतों में बुआई की।

अब वर्तमान समय में वह सूरजमुखी के साथ मूंगफली की भी खेती कर रहे हैं। तीन एकड़ खेत में दोनों फसलों की खेती करी। इस तरह से वह एक समय में दोहरी खेती कर रहे हैं। दिलीप बताते हैं कि इस फरवरी में जिस सूरजमुखी और मूंगफली की फसल लगाई है, उसे मई में काटने की तैयारी है। उम्मीद है कि मूंगफली और सूरजमुखी दोनों से ही तेल निकालकर दो से ढाई लाख रुपए का मुनाफा हो सकता है।

दिलीप बताते हैं कि जिस मेड़ को किसान खाली छोड़ देते हैं, वहां कोई फसल नहीं लगाते हैं, उस मेड़ पर मैं सूरजमुखी लगा देता हूं। सूरजमुखी की फसल के नीचे मूंगफली भी लगा रखी है। इस भीषण गर्मी के मौसम में भी उनके खेत में सूरजमुखी की फसल लहलहा रही है। धान की फसल की तुलना में सूरजमुखी और उसके नीचे मूंगफली की खेती में कम मेहनत लगती है। इस फसल की सिंचाई भी कम करनी पड़ती है। इन दोनों फसलों की बाजार में मांग भी काफी रहती है। दिलीप की देखादेखी उनके ग्राम के अन्य किसानों ने भी सूरजमुखी की खेती करनी शुरू कर दी है। सूरजमुखी के फूल का आकार जितना बड़ा होगा, इससे उतना ही अधिक तेल निकलेगा।

## सरपंच संघ करतला इकाई का हुआ गठन

**कोरबा/करतला।** नवनिर्वाचित सरपंचों द्वारा अपने अपने ब्लॉक से सरपंच संघ के गठन की प्रक्रिया लगभग पूर्ण होने को हैं। इसी क्रम में करतला सरपंच संघ के नए कार्यकारिणीयो का गठन करने आज ग्राम पंचायत औराई में सरपंचों की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में जनपद पंचायत करतला के सभी नवनिर्वाचित सरपंचों ने सर्वसम्मति से ग्राम पंचायत खूंटाकूड़ा के सरपंच रामेश्वर राठिया को अपना अध्यक्ष चुना है वहीं ग्राम पंचायत गिधौरी सरपंच श्रीमती विज्ञानी गोविंदा कंवर को उपाध्यक्ष बनाया गया है। वही अन्य कार्यकारिणी पदाधिकारियों के नाम इस प्रकार है -

उपाध्यक्ष - श्रीमती लीलावती कंवर ( ग्राम पंचायत पकरिया)सचिव - भुनेश्वर कंवर (सरपंच ग्राम पंचायत बरपाली)कोषाध्यक्ष - दीनानाथ राठिया (सरपंच ग्राम पंचायत घिनारा)सहसचिव - श्रीमती फूल बाई राठिया (सरपंच ग्राम पंचायत करतला)महामंत्री - श्रीमती रमिला बाई राठिया (ग्राम पंचायत केरवाद्वारी) सरपंच संघ करतला के गठन में जनपद पंचायत करतला के अध्यक्ष श्रीमती अशोका विश्राम कंवर एवं उपाध्यक्ष मनोज झा को संरक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है।

### मालगाड़ी में शव मिलने से मचा हड़कंप-जांच जारी

**कोरबा ।** कोरबा-पश्चिम एसईसीएल दीपका रेलवे साइडिंग से प्रतिदिन कोयले के रैक एनटीपीसी सीपत प्लांट को जाती है। वहां एनटीपीसी सीपत में कोयला खाली कर रही मालगाड़ी के हॉपर से झाबर निवासी एक युवक का शव मिला। शव मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान कल्याण दास (30 वर्ष) पिता बाबू दास निवासी ग्राम मरकाडीह थाना अकलतरा के रूप में की गयी हैं। घटना की सूचना जैसे ही दीपका क्षेत्र पहुंची वैसे ही अनुपस्थित निजी कर्मचारियों की खोजबीन शुरू हो गई। बता दे की हिमस कॉरपोरेशन में अधिकांश निजी कर्मचारी काम करते हैं। बाद में स्पष्ट हुआ की कर्मचारी यहां का नहीं है। पुलिस ने बताया कि युवक मानसिक रूप से अस्वस्थ था। उसका दिमागी संतुलन ठीक नहीं था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। शव मालगाड़ी के अंदर में कैसे पहुंचा यह जांच के पश्चात पता चलेगा। वर्तमान में कल्याण दास का परिवार दीपका के झाबर में रहकर काम करता है।

## रग्बी चैम्पियनशिप के लिए छग 2 पाली के दो खिलाड़ियों का चयन

**कोरबा।** असम के गुवाहाटी में 23 अप्रैल से 28 अप्रैल तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय (महिला) सीनियर रग्बी चैम्पियनशिप के लिए छग की टीम मे कोरबा जिले के पाली की 2 महिला खिलाडियों का भी चयन हुआ है. जो असम के लिए रवाना हो गए हैं. पाली में विगत कुछ समय मे रग्बी खेल के प्रति क्षेत्र के युवा तेजी से आकर्षित हुए हैं यही कारण है कि नगर का खेल स्टेडियम में सुबह शाम खिलाड़ी बड़ी संख्या में अभ्यास के लिए पहुँच रहे हैं. कोच ओम प्रकाश यादव के मार्गदर्शन में जिला रग्बी असोसिएशन के तत्वाधान मे जिले की महिला और पुरुष, सीनियर जूनियर वर्ग में कई खिलाड़ी प्रदेश की टीम मे चयनित होकर राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी खेल क्षमता का प्रदर्शन कर पाली नगर ही नहीं वरन् जिला और प्रदेश को गौरवान्वित कर रहे हैं. इसी कड़ी में महिला सीनियर वर्ग राष्ट्रीय रग्बी चैम्पियनशिप मे पाली की हेमा प्रजापति पिता-कन्हैयाराम प्रजापति और रुखमणी पटेल पिता - शिवचंद पटेल का चयन प्रदेश की टीम के प्रतिनिधित्व के लिए हुआ है. क्षेत्र के खेल प्रेमियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु बधाई और शुभकामनाएं दी हैं.

## सादगी से मनाया पाली-तानाखार विधायक तुलेश्वर सिंह मरकाम ने अपना जन्मदिवस

**समर्थकों ने काटा केक**

**कोरबा ।** कोरबा जिले में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र के विधायक तुलेश्वर सिंह मरकाम का जन्मदिवस सादगी के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन पाली स्थित शिव मंदिर में गोंगपा कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने विधायक श्री मरकाम का फूल-मालाओं से स्वागत किया और उनके दीर्घायु की कामना करी। इसके बाद केक काटकर जन्मदिवस का जश्न मनाया गया। जन्मदिवस के अवसर पर गोंगपा समर्थकों ने स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरण भी किया। कार्यकर्ताओं ने इसे सेवा भाव से प्रेरित एक सामाजिक पहल बताया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि कुलदीप मरकाम, नगर पंचायत पाली अध्यक्ष अजय जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य विद्वान मरकाम, सरपंच संघ अध्यक्ष छत्रपाल सिंह कंवर सहित पाली-तानाखार क्षेत्र के कई कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे।

# कोरबा की जनता का मुझ पर अखंड विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी, कोरबा के विकास के लिए अंतिम दम तक करूंगा कार्य : कैबिनेट मंत्री देवांगन

**कोरबा ।** प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने एक कार्यक्रम में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कोरबा की जनता ने मुझ पर सदैव अपना अखंड विश्वास व्यक्त किया है, हमेशा अपना अशीर्वाद दिया है, यह मेरी सबसे बड़ी पूंजी है, मैं कोरबा के विकास के लिए अंतिम दम तक काम करूंगा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि कोरबा के विकास के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पूरा आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है तथा यहाँ के विकास के लिए जो भी प्रस्ताव उनके समक्ष मेरे द्वारा प्रस्तुत किए जाते हैं, वे इन प्रस्तावों को तत्काल अपनी स्वीकृति प्रदान करते हैं।

कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन वार्ड क्र. 34 परशुराम नगर में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा पं. रविशंकर शुक्ल नगर जोनांतर्गत वार्ड क्र. 34 एवं वार्ड क्र. 30 में 61 लाख 30 हजार रूपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य कराए जाने हैं, वार्ड क्र. 34 परशुराम नगर में प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य, महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, पार्षदगणों, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान इन विकास कार्यो की आधारशिला कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन के हाथों रखी गई। उन्होने विधिवत पूजा-अर्चना कर शिलान्यास पट्टिका का अनावरण करते हुए विकास कार्यो का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उपस्थित वार्डवासियों को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने आगे कहा कि आज देश व प्रदेश में हमारी ट्रिपल इंजन की सरकार है, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार राज्य के सर्वांगीण विकास की दिशा में ऐतिहासिक रूप से कार्य कर रही है, प्रदेश के शहरी इलाकों के साथ-साथ सुदूर ग्रामीण अंचलों तक विकास की बयार बह रही है, प्रदेश के प्रत्येक गांव में पक्की सड़कें हों, पेयजल की पर्याप्त सुविधा हों, कोई भी गांव, कोई भी मोहल्ला अंधेरे में न रहें, सभी घरों तक बिजली की रोशनी जगमगाएं, इस दिशा में राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है। एक ओर जहाँ आमनागरिकों की सुविधाओं में वृद्धि हो रही है, वहीं दूसरी ओर केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाकर उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का कार्य किया जा रहा है। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने आगे कहा कि प्रदेश के नेता पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने 15 वर्ष तक राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में छत्तीसगढ़ की जनता की सेवा करी, तथा ऐतिहासिक रूप से राज्य का विकास कर अपने छत्तीसगढ़ राज्य को देश के विकसित राज्यों की पंक्ति में लाकर खड़ा किया था। हमारी सरकार उनकी इसी विकास यात्रा को लगातार आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि मैं गर्व के साथ कह सकता हूँ कि जब-जब हमारी सरकार देश व प्रदेश में बनती है, प्रगति व विकास की नई इबारते लिखी जाती हैं।

* नहीं टूटने दिया जाएगा, जनता जनार्दन का विश्वास

भूमिपूजन कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि कोरबा की जनता ने हमारे कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन पर तथा इसके पश्चात मुझ पर जो अपना अखंड विश्वास व्यक्त किया है, अपना आशीर्वाद देकर निगम की कमान मेरे हाथ में सौंपी है, उनके इस विश्वास को कभी भी टूटने नहीं दिया जाएगा। उन्होने कहा कि जहाँ तक कोरबा के विकास का सवाल है तो कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन जब कोरबा के महापौर थे, तो अपने कार्यो की बदौलत उन्होने कोरबा के विकास पुरूष की छबि बनाई थी, उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए मैं आपको विश्वास दिलाती हूँ कि कोरबा के विकास में, आपकी समस्याओं को दूर करने में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी। आपकी इच्छा व मांग के अनुरूप ही विकास कार्य किए जाएंगे। महापौर श्रीमती राजपूत ने निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विकास व निर्माण कार्यो को तत्काल प्रारंभ कराएं तथा पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य करते हुए समयसीमा में इन कार्यो को पूरा करें।




### कई कार्यो का हुआ भूमिपूजन

वार्ड क्र. 34 अंतर्गत टिंकू शर्मा के घर से मीना लहरे की गली तक 26 लाख रूपये की लागत से सी.सी. रोड नाली निर्माण, वार्ड क्र. 34 सुरेश चौरसिया घर से मंदिर के पीछे गली तक 18 लाख 70 हजार रूपये की लागत से सी.सी. रोड नाली निर्माण, वार्ड क्र. 34 अंतर्गत सत्यम शुक्ला के घर से आगे की ओर 10 लाख 30 हजार रूपये की लागत से सी.सी. रोड नाली निर्माण तथा वार्ड क्र. 30 अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल जे.पी.कालोनी कोरबा में 06 लाख 30 हजार रूपये की लागत से साईकिल स्टैंड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया।

इस अवसर पर सभापति नूतन सिंह ठाकुर के साथ ही पार्षद नरेंद्र देवांगन, एमआईसी सदस्य धनकुमारी गर्ग, अजय गोंड़, पार्षद लक्ष्मण श्रीवास, सुनीता चौहान, नारायणलाल कुर्रे, प्रताप सिंह कंवर, मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, पूर्व पार्षद मीना लहरे, उमाभारती सराफ, सुकुंदी यादव, सुशील गर्ग, दीपक यादव, सरजू अजय, नरेंद्र पाटनवार, रूकमणी नायर, योगेश मिश्रा, प्रकाश अग्रवाल, रामकुमार राठौर, नवनीत शुक्ला, जोन कमिश्नर प्रकाश चन्द्रा, सहायक अभियंता गोयल सिंह विमल, आकाश अग्रवाल, किरण साहू, गुहाराम टंडन, बबलू पाण्डेय, पुनीराम, पंचराम निराला, रामशंकर साहू आदि के साथ वार्ड के नागरिकगण उपस्थित थे।

# विकास खंड कोरबा में पीएम आवास सर्वे कार्य का शुभारंभ

### मोर द्वार साय सरकार

**कोरबा ।** कोरबा जनपद के अंतर्गत मोर द्वार साय सरकार अंतर्गत पीएम आवास के सर्वे कार्य का शुभारंभ किया गया। ग्राम पंचायत चचिया में जनपद अध्यक्ष श्रीमती बीजमोती राठिया द्वारा आवास सर्वे किया गया एवं मोर द्वार साय सरकार अभियान अंतर्गत शत प्रतिशत पात्र आवास हितग्राहियों के सर्वे किए जाने की विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच, पंच,आवास हितग्राही, जनपद के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत स्थाई प्रतीक्षा सूची एवम् आवास प्लस में छूटे पात्र ग्रामीण परिवारों को लाभान्वित करने के लिए सर्वेक्षण का विशेष पखवाड़ा मोर दुआर साय सरकार महाअभियान 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक कराया जा रहा है । शनिवार को प्रधानमंत्री सर्वेक्षण एप्लिकेशन आवास प्लस 2.0 के माध्यम से कोरबा जनपद पंचायत में 24 जनपद सदस्यों द्वारा अलग अलग पंचायतों में सर्वेक्षण का कार्य करवाया गया। जिसमें चचिया ग्राम पंचायत में हितग्राही श्री मोती/अजीतसिंह और प्रमीला बाई/श्याम सुंदर का सर्वे का कार्य जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती बीज मोती राठिया के द्वारा किया गया। साथ ही रैली के माध्यम से प्रचार प्रसार किया गया जिससे अधिकतम ग्रामीण इस सर्वे का लाभ उठा सकते। सर्वे कार्य प्रमुख रूप से ऐसे हितग्राही जिनका कच्चा मकान हो,कोई शासकीय सेवा में न हो ,2.5 एकड़ से ज्यादा सिंचित भूमि न हो, किसी प्रकार आयकर दाता न हो पात्र होगा। इस अवसर पर सरपंच श्री श्याम बरन राठिया, उपसरपंच विजय कुमार पटेल, एडीओ आशुतोष मिश्रा ब्लॉक कॉर्डिनेटर देवानंद श्रीवाश, रोजगार सहायक तथा ग्रामीण जन उपस्थित रहे। इसी तरह गढ़उपरोडा में जनपद सदस्य व उपाध्यक्ष श्रीमती कौशल्या विश्वनाथ कंवर के द्वारा पीएम आवास के सर्वे कार्य का शुभारंभ किया गया। उन्होंने हितग्राही जयमंगल सिंह तथा चंदन सिंह सर्वे किया। साथ ही मोर दुआर साय सरकार का नारा लगाते हुए रैली निकाली गई।

### ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के साथ हुई बैठक

**कोरबा।** ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के 12 सूत्रीय मांगों के अलावा क्षेत्र स्तर की मांगों पर गेवरा, दीपका,कोरबा, कुसमुंडा और रायगढ़ क्षेत्रिय कार्यालयों में द्विपक्षीय वार्ता कर निर्णय लिए गए। प्रभावित क्षेत्रों के विकास कार्यों, आउटसोर्सिंग कम्पनियों में भर्ती और ठेका कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा ,रोजगार , मुआवजा और बसाहट से संबंधित प्रकरणों पर जिला प्रशासन के साथ त्वरित निपटारा कर मुख्यालय भेजे जाने इत्यादि विषयों पर सकरात्मक वार्ता किया गया तथा मुख्यालय से सबंधित बिंदुओं पर एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर में उच्च स्तरीय बैठक में चर्चा के लिए प्रस्ताव लिया गया है ।मॉनिटरिंग कमेटी का गठन किया जाएगा जिसके द्वारा प्रति माह प्रभावित गांव में चौपाल लगाकर समस्याओं का समाधान किया जाएगा ।सप्ताह में एक दिन हर गांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमे दवाई वितरण भी किया जाएगा । आवश्यकता के अनुसार पेयजल की आपूर्ति और बोर खनन की जाएगी, निस्तार हेतु तालाबो में खदान का पानी का भराव किया जाएगा । पुनर्वास ग्रामो (झिंगटपुर बसाहट) में मुक्तिधाम का निर्माण कराया जाएगा ।

जर्जर सड़को का जीर्णोद्धार किया जाएगा पहुंचविहीन मार्गो में निर्माण तथा प्रदूषण रोकने के लिए पानी का छिड़काव किया जाएगा ।

स्वयं सहायता समूह को स्थायी आजीविका के लिए ट्रेनिग और उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे इसी तरह से बेरोजगार युवकों को कौशल उन्नयन कर व्यवसाय हेतु मदद की जायेगा ।

आउटसोर्सिंग कम्पनियों में स्थानीय भर्ती कराने हेतु पूर्व में लिए गए निर्णय को लागू किया जाएगा ।ठेका कर्मचारियों के वेतन , भत्ते, मेडिकल ,सुरक्षा का कड़ाई से पालन किया जाएगा ।ठेका कामगारों का 40 लाख रुपये का कारपोरेट दुर्घटना बीमा कराया जाएगा तथा सीधे खाते में वेतन की राशि जमा कराई जाएगी ।एसईसीएल के स्कूलों में भूविस्थापित परिवार के बच्चों को प्राथमिकता दी जाएगी ।

# 42 डिग्री पर तापमान, मेंटेनेंस के नाम पर बिजली कटौती से जीना मुश्किल

**जांजगीर-चांपा।** नगर में मानसून पूर्व मेंटेनेंस के नाम पर बिजली विभाग द्वारा 19 अप्रैल से प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली कटौती की जा रही है। इस कटौती से नगर के 12 वार्डों में पेयजल सप्लाई पूरी तरह ठप हो गई है। भीषण गर्मी में लोग पानी की एक-एक बूंद को तरस रहे हैं।

19 अप्रैल को अंबेडकर चौक और मंडी रोड क्षेत्र में बिजली बंद होने से मंडी रोड स्थित पंप हाउस से पानी टंकी में सप्लाई नहीं हो पाई। इससे टंकी नहीं भर सकी और पूरे नगर में पानी की सप्लाई रुक गई। आज फिर बिजली कटौती होने से वार्ड नंबर 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 14, 15, 16, 17 और 18 में पाइपलाइन से पानी नहीं पहुंच सका।

वार्ड नंबर 6 की निवासी मदत्ती जैन ने



बताया कि दो दिन से पानी नहीं आ रहा। लोग दूसरे इलाकों से पानी लाकर काम चला रहे हैं। 24 घंटे में एक बार पानी मिलने से परेशानी बढ़ गई है। वार्ड नंबर 7 के मनोज अग्रवाल ने कहा कि गर्मी में पीने के पानी के लिए लोग परेशान हैं। जल आपूर्ति कार्य के सभापति दिनेश दास महंत ने बताया कि बिजली विभाग मेंटेनेंस के नाम पर बिजली काट रहा है, लेकिन नगर पालिका को इसकी सूचना नहीं दी जा रही। इससे पानी की सप्लाई ठप हो रही है। वार्ड नंबर 12 के पार्षद पुरुषोत्तम नामदेव ने कहा कि बिना पूर्व सूचना बिजली कटौती करना समझ से परे है। इससे 12 वार्डों में पानी की आपूर्ति बाधित हो रही है।

शिवरीनारायण मार्ग स्थित पानी टंकी से इन 12 वार्डों में पानी सप्लाई होती है। तापमान 41 डिग्री पहुंच चुका है। ऐसे में पानी नहीं मिलने से लोग संकट में हैं। बिजली विभाग व नगर पालिका के बीच तालमेल की कमी से समस्या और बढ़ गई है। दोनों विभाग एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं, समाधान की कोशिश नहीं होती। बिजली विभाग ने मेंटेनेंस की सूचना नहीं दी- नपा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष दीप्ति सारथी ने बताया कि बिजली विभाग ने मेंटेनेंस की कोई सूचना नहीं दी। दो दिन से पंप हाउस से पानी टंकी में नहीं पहुँच पा रहा। आज अधिकारियों से चर्चा कर मेंटेनेंस कार्य को आगे बढ़ाने की मांग की गई है।

बिजली विभाग के सहायक यंत्री बीएल नेताम ने कहा कि 19 से 26 अप्रैल तक अलग-अलग वार्डों में बिजली कटौती की जाएगी। इसकी सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित की गई थी। नगर पालिका को भी जानकारी दी गई है।

## नगर सैनिक भर्ती के लिए परीक्षा 22 जून को होगी

**जांजगीर।** छत्तीसगढ़ में नगर सैनिकों की भर्ती परीक्षा 22 जून को आयोजित की जाएगी। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। अभ्यर्थी 30 मई तक आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए व्यापमं की ओर से सूचना जारी की गई है। पिछले साल इन पदों के लिए दक्षता परीक्षा आयोजित की गई थी। इसके बाद कुल 20 हजार 137 अभ्यर्थियों का चयन लिखित परीक्षा के लिए किया गया है। जो अभ्यर्थी इस परीक्षा में चयनित हुए हैं, वे व्यापमं की वेबसाइट पर जाकर लिखित परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। जो आवेदन नहीं करेंगे, वे इस परीक्षा में नहीं बैठ पाएंगे। फॉर्म एक ही बार भरे जाएगा, इसके बाद उसमें सुधार का मौका नहीं दिया जाएगा

## चांपा नपा में हरीश बने नेता प्रतिपक्ष



**चांपा।** नगर पालिका परिषद चांपा में कांग्रेस ने हरीश पांडेय को नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया है। इस पद को लेकर पार्टी में तीन महीने से चर्चा चल रही थी। रविवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने उनके नाम की औपचारिक घोषणा की।

हरीश पांडेय को यह जिम्मेदारी विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत की अनुशंसा पर दी गई है। वे कांग्रेस के पुराने और सक्रिय कार्यकर्ता हैं, जो दो बार पार्षद रह चुके हैं। नगर पालिका के कामकाज का उन्हें अनुभव है और संगठन में भी उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है। नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद हरीश पांडेय ने कांग्रेस आलाकमान और जिला नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे नगर की जनता की समस्याओं को मजबूती से उठाएंगे और विकास कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए लगातार प्रयास करेंगे। साथ ही, विपक्ष की भूमिका को पूरी ताकत से निभाएंगे और जनता की आवाज बनकर नगर पालिका में काम करेंगे।

## श्रीराम-कृष्ण नाम जप सप्ताह महायज्ञ में लोगों की भागीदारी, प्रभातफेरी से शुरूआत



**जांजगीर-चांपा।** श्रीराम मंदिर परिसर में 14 से 22 अप्रैल तक श्रीरामकृष्ण नाम जप सप्ताह महायज्ञ हो रहा है। रोज सुबह प्रभात फेरी निकाली जा रही है। नगर और आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में भक्त शामिल हो रहे हैं। सभी श्रीरामकृष्ण नाम का संकीर्तन कर रहे हैं। कार्यक्रम में लगातार 7 दिन तक बिना रुके भगवान श्रीकृष्ण की फेरी निकाली जा रही है।

इसमें हरे रामा हरे कृष्ण के बोलों के साथ भजन-कीर्तन हो रहा है। ओडिशा से आए श्रीकृष्ण भक्त दिन-रात चौबीसों घंटे फेरी निकाल रहे हैं। वे संगीत के साथ भजन गा रहे हैं। श्रीकृष्ण भक्तों की मंडली हर सुबह श्रीरामकृष्ण के भजन-कीर्तन के साथ नगर भ्रमण कर रही है। प्रभात फेरी से पूरे नगर में भक्ति का माहौल बन गया है। भक्त श्रीराम मंदिर में धार्मिक आयोजन में शामिल होकर अपने जीवन को पवित्र और सकारात्मक बना रहे हैं।

## जनमेजय के कंधे पर आई जिले को संभालने की जिम्मेदारी



**जांजगीर-चांपा।** जिले के नए व 22 वें कलेक्टर जनमेजय महोबे होंगे। वे इससे पहले नागरिक आपूर्ति निगम के प्रबंध संचालक और अतिरिक्त प्रभार संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग पद पर पदस्थ थे। पदभार ग्रहण करते ही उनके समक्ष जल की किल्लत से निपटने के साथ ही जिलेवासियों को साफ पानी उपलब्ध कराना चुनौती रहेगी। अब तक जल आवर्धन योजना के तहत काम पूरा नहीं हो पाया है। नतीजतन शुद्ध पानी नहीं मिल पाया है। इसके अलावा शहर का ड्रेनेज सिस्टम, व्यवस्थित बाजार, नैला में ओवरब्रिज निर्माण जैसी चुनौतियां उनके समक्ष रहेगी।

इसके पहले रहे कलेक्टर भी अपने स्तर पर योजना को पूरा कराने प्रयास किए लेकिन काम अधूरा ही रहा। शनिवार को राज्य शासन ने 41 आईएएस अफसरों का तबादला किया है। कलेक्टर आकाश छिकारा को अस्थायी तौर पर आगामी आदेश तक उप सचिव आवास एवं पर्यावरण विभाग के पद पर पदस्थ किया गया है। साथ ही उन्हें अतिरिक्त प्रभार के तौर पर रायपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वाणिज्यकर विभाग आयुक्त की जिम्मेदारी दी गई है। राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी जनमेजय महोबे उप सचिव वाणिज्यिक कर (आबकारी) की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। 2017 अगस्त में राजभवन सचिवालय के उपसचिव, मई 2019 में छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि निगम प्रबंध संचालक भी रहे। इसके अलावा महिला एवं बाल विकास के डिप्टी डायरेक्टर रह चुके हैं। कोरोना काल के दौरान वे कवर्धा के कलेक्टर बने थे।

## युवाओं को कांग्रेस की विचारधारा बता पार्टी की सदस्यता दिलाएं: जांगिड़




**जांजगीर-चांपा।** जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक ग्राम अमरताल में हुई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, राष्ट्रीय और स्थानीय मुद्दों पर चर्चा हुई। प्रदेश सहप्रभारी विजय जांगिड़ ने कहा कि पार्टी ने इस वर्ष को संगठन वर्ष घोषित किया है।

गांव-गांव जाकर युवाओं को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ें। उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाएं। उन्होंने कहा, प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद विकास कार्य रुके हैं। भ्रष्टाचार चरम पर है। जनता को सरकार की विफलताओं से अवगत कराएं। अकलतरा विधायक और जिला कांग्रेस अध्यक्ष राघवेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार कांग्रेस नेताओं को ईडी, सीबीआई और अन्य एजेंसियों से परेशान कर रही है।

कार्यकर्ताओं को मजबूती से खड़ा रहना होगा। यह लोकतंत्र बचाने की लड़ाई है। जांजगीर-चांपा विधायक व्यास कश्यप ने कहा, कांग्रेस में अभिव्यक्ति की आजादी है। हम मंच से अपने विचार रख सकते हैं। यह आजादी सिर्फ कांग्रेस में है। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर संगठन को मजबूत करें। कार्यक्रम में लक्ष्मण मुकीम, मंजू सिंह, रमेश पैगवार, दिनेश शर्मा, गिरधारी यादव, आभास बोस, लोकेश राठौर और संदीप यादव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में हरप्रसाद साहू, संदीप अग्रवाल, रामलाल यादव, रफीक सिद्दीकी, उत्तम पाटले, विवेक सिंह सिसोदिया, हृदय प्रसाद अनंत, बाबूलाल जायसवाल, गुरनाम सिंह तंवर, किशन सोनी, उमेश तिवारी, भूपेंद्र चंद्रा, वाहिद खान, कन्हैया राठौर, शिशिर द्विवेदी, ईश्वर देवांगन, रामगोपाल रात्रे, सौरभ सिंह, प्रिंस शर्मा, मनोज तिवारी, राज कपूर साहू, शाश्वत धर दीवान, घासीराम चौहान, डुग्गू प्रधान, राजकुमार चंद्रा आदि मौजूद रहे।

## तीन दिन ही रह सकीं सरपंच इस पंचायत में, अब दूसरे को मौका




**जांजगीर-चांपा।** ग्राम पंचायत करहिड़ीह में हुए गुरुवार को स्थापन्न सरपंच के चुनाव में हसीना डहरिया को सर्वसम्मति से सरपंच चुन लिया गया। ज्ञात हो कि करहीडीह की नव निर्वाचित सरपंच शैली बाई कंवर की पंचायत चुनाव में जीत के तीन दिन बाद ही आकस्मिक बाद मृत्यु हो गई थी। जिसके बाद सरपंच के रिक्त पद के लिए स्थानापन्न सरपंच का चुनाव पंचायत भवन में 12 बजे से ग्राम पंचायत भवन करहीडीह में प्रारंभ किया गया। दिन में 1 बजे तक 10 में से 8 पंचगढ़ उपस्थित हुए शेष 2 पांच बाहर होने या अन्य किसी कारण से निर्वाचन में अनुपस्थित रहे हैं। नाम निर्देशन की प्रक्रिया 1 बजे प्रारंभ किया गया। 15 मिनट का समय नामांकन दाखिल करने के लिए दिया गया था। उक्त समय अवधि में मात्र 1 ही महिला पंच हसीना डहरिया वार्ड क्रमांक 6 ने नामांकन दाखिल किया। अन्य किसी ने नामांकन दाखिल नहीं किया जिस कारण हसीना डहरिया को निर्विरोध सरपंच चुना गया। निर्वाचन की प्रक्रिया में जनपद पंचायत अकलतरा से सुनील कुमार राव सहा. आव लेखा एवं करारोपण अधिकारी, गंगा बाई कंवर रोजगार सहायक/ प्रभारी सचिव के द्वारा उक्त निर्वाचन संबंधी कार्य को शांतिपूर्ण तरीके से कराया गया।

## सरकारी संपत्ति की चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** नागदा थाना क्षेत्र के रैनखोल से ग्राम दमऊधारा मार्ग पर लगे सरकारी साइन बोर्ड की चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना नगरदा में मामला दर्ज किया गया था।

मामले की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि ग्राम रैनखोल के रहने वाले संतराम गोंड ने लिखित शिकायत में बताया कि दो साल पहले पंचायत के समय ग्राम रैनखोल जाने का साइन बोर्ड राजा दहरा के पास लगाया गया था, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 4000 रुपए थी। वह बोर्ड 17 अप्रैल की शाम 4 बजे से 18 अप्रैल की सुबह 8 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मुखबिर से सूचना मिलने पर चोरी में इस्तेमाल की गई गाड़ी सीजी 11 एएफ 4072 को मानिकपुर चौक के पास से पकड़ा गया। गाड़ी में बैठे लोगों की पहचान अजय कुमार(32) निवासी सक्ती वार्ड नंबर एक और सुरेश कुमार (35 वर्ष) निवासी ग्राम रैनखोल के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान दोनों ने चोरी करना स्वीकार किया और साइन बोर्ड के साथ गाड़ी पुलिस को सौंप दी।

## इग्नू टीईई परीक्षा के लिए आवेदन 28 तक

**जांजगीर-चांपा।** इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी(इग्नू) ने जून में होने वाली टर्म-एंड परीक्षा(टीईई) के लिए आवेदन की आखिरी तारीख आगे बढ़ा दी है। अब आवेदन 28 अप्रैल तक किए जा सकेंगे। पहले यह तारीख 20 अप्रैल थी। अब 29 अप्रैल से 4 मई तक लेट फीस के साथ रजिस्ट्रेशन होंगे। इसके लिए 1100 रुपए की लेट फीस देनी होगी। प्रत्येक थ्योरी और प्रैक्टिकल परीक्षा के लिए 200 रुपए प्रति कोर्स अलग से देने होंगे। जून टर्म-एंड परीक्षाएं 2 जून से 11 जून के बीच आयोजित की जाएंगी।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में युवक ने शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की से दुष्कर्म किया। मामला बाराद्वार थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने आरोपी रायपुरा भांठापारा निवासी मोहित रात्रे (18 वर्ष 2 माह) को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी ने नाबालिग लड़की से दोस्ती की, फिर शादी का झांसा देकर प्रेमजाल में फंसाया। 21 मार्च को गांव के एक खेत में और 13 अप्रैल को एक खंडहर में नाबालिग के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। आरोपी ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दी थी। पीड़िता ने घटना की जानकारी अपने परिवार को दी। परिवार ने मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के नेतृत्व में टीम ने 18 अप्रैल को आरोपी को गिरफ्तार किया।



आरोपी पर भारतीय दंड संहिता की धारा 65(1), 351(2) बीएनएस और पॉक्सो एक्ट की धारा 06 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## ब्राह्मण महिला मंडल ने गर्मी के मौसम में पशु-पक्षियों के लिए पानी का प्रबंध किया

**जांजगीर-चांपा।** ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच ने गर्मी में पशु-पक्षियों के लिए चारा और पानी का इंतजाम करने के लिए लोगों को जागरूक करने का अभियान चलाया। संस्था ने शहर के मुख्य स्थानों पर कोटना और सकोरा रखकर लोगों को इसके प्रति जागरूक किया। शिव मंदिर नैला, चंदनिया पारा, शंकर नगर, मेन रोड जांजगीर, सरकारी कन्या शाला के पास, अंबेडकर मूर्ति के पास, शारदा मंदिर, शनि मंदिर, देवी दाई मंदिर और रविदास चौक के पास कोटना रखे गए।

समिति की वरिष्ठ सदस्य जयंती दुबे और शालिनी शर्मा ने बताया कि गर्मी में पशु-पक्षियों को पीने के लिए काफी पानी नहीं मिल पाता है। ऐसे समय में उनकी सुरक्षा के लिए यह अभियान जरूरी है। वीणा शर्मा और सीता पांडेय ने बताया कि समिति पिछले 10 सालों से सामाजिक और धार्मिक काम कर रही है।

आने वाली 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया और परशुराम जयंती पर 28 बटुकों का सामूहिक उपनयन संस्कार किया जाएगा। जागरूकता अभियान के तहत समिति ने कहा कि घरों के आसपास उड़ने वाले पक्षियों और पशुओं के लिए थोड़ा सा प्रयास उनकी जान बचा सकता है।

## करंट के चक्कर में समाप्त हुई एक की जिंदगी, मामला दर्ज

**जांजगीर-चांपा।** चांपा के होटल सुमित इन में बिजली का काम कर रहे युवक की करंट लगने से मौत हो गई। जय केवंट(20) निवासी खरखौद थाना पामगढ़ चांपा के होटल सुमित इन में बिजली फिटिंग का काम कर रहा था। काम के दौरान अचानक करंट लगने से वह बुरी तरह झुलस गया। जानकारी मिलते ही घायल युवक को तुरंत एनकेएच अस्पताल चांपा ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन हालत बहुत खराब होने के कारण इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जय की माता का नाम उषा केवंट को घटना की सूचना दी गई। मामले में पहली नजर में बड़ी लापरवाही सामने आई है।

बताया जा रहा है कि काम के दौरान सुरक्षा नियमों का पालन नहीं किया गया था। इस कारण युवक करंट की चपेट में आ गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए बीडीएम अस्पताल भेजा गया है। पीएम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया। इस घटना से मृतक के परिवार में दुख का माहौल है। स्थानीय लोगों ने सख्ती से निगरानी और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## पद्म पुरस्कारों के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार नई दिल्ली की ओर से प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कार की श्रृंखला में पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्मश्री पुरस्कार वर्ष-2026 के लिए पात्र व्यक्तियों से ऑनलाइन नामांकन प्रस्ताव 31 जुलाई तक मंगाए गए हैं। वर्ष 2026 में पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्मश्री पुरस्कार के लिए निर्धारित पात्रता एवं मापदंड के अनुरूप ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। पद्म पुरस्कार देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। यह पुरस्कार उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति को दिया जाता है।

## गर्मी में गायों को परेशानी से बचाने कोटना रखे गए विभिन्न क्षेत्रों में

**जांजगीर-चांपा।** चांपा में हर साल की तरह इस बार भी बाजोरिया फाउंडेशन ने गायों की सेवा के लिए कोटना देना शुरू कर दिया है। यह कार्यक्रम हिंदू नव वर्ष के पहले दिन नवरात्रि की एकम से शुरू हुआ।

संस्था ने बताया कि कोटना गायों के खाने पीने के लिए काम आता है। इसे घर, खेत या गौशाला में रखा जा सकता है। संस्था का लक्ष्य परंपरा को बनाए रखना और लोगों में गायों की सेवा के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। फाउं डेशन हर साल यह वितरण करता है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग गायों के लिए साफ और अच्छी व्यवस्था कर सकें। संस्था के शैलेश बाजो रिया ने बताया कि जो लोग इस सेवा में शामिल होना चाहते हैं, वे ओमसि टी परिसर में हर रात 7.30 बजे कोटना ले सकते हैं। इसके लिए आधार कार्ड की एक फोटो कॉपी लाना जरूरी है। इससे यह तय होगा कि कोटना उन्हीं को मिले जो सच में गायों की सेवा करना चाहते हैं।

## डीएवी में महात्मा हंसराज की जयंती पर हवन

**जांजगीर-चांपा।** नगर के लायंस डीएवी पब्लिक स्कूल में डीएवी संस्था के संस्थापक महात्मा हंसराज के जन्मदिन पर सामूहिक हवन हुआ। हवन में आहुति दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के पूर्व अध्यक्ष दीनदयाल अग्रवाल ने कहा कि महात्मा हंसराज का जन्म 19 अप्रैल 1864 को लाला चुन्नीलाल और माता गणेश देवी के घर हुआ था।

वे साधारण परिवार से थे। उनका बचपन गरीबी और मुश्किलों से भरा था। पढ़ाई के लिए उन्हें गांव से दूर जाना पड़ता



था। सन् 1877 में लाहौर में वे महर्षि दयानंद से मिले। इसके बाद उनका रुझान आर्य समाज की ओर हो गया। महर्षि दयानंद सरस्वती के निधन के बाद लाहौर के आर्यभक्त उनकी याद में कुछ करना चाहते थे। तब अंग्रेजी के साथ वैदिक संस्कृति की शिक्षा देने वाले स्कूल खोलने की योजना बनी।

## लोगों को गौवंश के प्रति जागरूक करेगी यात्रा

**जांजगीर-चांपा।** गणेश दामोदर बापट गौशाला कुष्ठ आश्रम कात्रेनगर की गौग्राम जनजागरण यात्रा 2025 की तैयारियों को लेकर बुधवार दोपहर 3 बजे कुष्ठ आश्रम परिसर में बैठक हुई। इसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, गौसेवक और युवा शामिल हुए।

बैठक में तय हुआ कि यात्रा 7 मई से 12 मई तक चलेगी। यह 50 गांवों से होकर गुजरेगी। इसका उद्देश्य गौसेवा, आत्मनिर्भर गौग्राम, स्वदेशी विचार और भारतीय सांस्कृतिक चेतना का प्रचार करना है। यात्रा का नेतृत्व गौमाता की प्रतिकृति वाला एक खास वाहन करेगा। हर दिन गौ आरती, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ग्रामीणों से बातचीत और उनकी भागीदारी से जनजागरण होगा। वक्ताओं ने कहा कि यह सिर्फ धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक चेतना जगाने का अभियान है।



इसका मकसद गांवों को गौ आधारित आत्मनिर्भर गांव बनाना है।

यात्रा से गौमाता की महिमा, ग्राम्य स्वावलंबन, भारतीय संस्कृति और स्वदेशी उत्पादों के इस्तेमाल को बढ़ावा मिलेगा। बैठक में सुधीर देव, लोमस भाईसाब, सांसद कमलेश जांगड़े, रामप्रकाश केशरवानी, गगन जयपुरिया, घनश्याम तिवारी, मोहन साहू, आशा साव, रोहित चंद्रा, नरेंद्र जायसवाल, सोनू जायसवाल, जयंती सिंह क्षत्रि, उषा राठौर, रघुनाथ बरेठ, गजाधर श्रीवास, मनहरण चंद्रा, सुनील अवस्थी, अजय सराफ, शिवचरण कश्यप, रामकुमार श्रीवास, दिनेश साहू, जितेंद्र श्रीवास, कपिल कश्यप, ललित देवांगन, टेकराम यादव, समीर भाई और गणेश साहू सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और स्वयंसेवक मौजूद थे।

बैठक के आखिर में सभी ने यात्रा को सफल बनाने की जिम्मेदारी ली। लोगों से संपर्क, प्रचार, वाहन व्यवस्था, सांस्कृतिक दल, भोजन और रुकने की व्यवस्था की जिम्मेदारियाँ बांटी गईं। सभी ने यह संकल्प लिया कि यह यात्रा इलाके में गौ चेतना और सांस्कृतिक नवजागरण का नया दौर शुरू करेगी। इन गांवों में पहुंचेगी यात्रा यात्रा की शुरुआत 7 मई को कात्रेनगर, चांपा से होगी। पहले दिन यात्रा सोठी, पिपरदा, पुंछेली, अमोदी, खपरीडीहा होते हुए बम्हनीडीह पहुंचेगी। वहां शाम को गौ आरती और रात में विश्राम होगा। 8 मई को यात्रा लखुर्री, लखाली, रिवाडीहा, पोड़ीशंकर, सोनाईडीहा, गोविंदा होते हुए करनौद पहुंचेगी। वहां भी रात में विश्राम और गौ आरती होगी। 9 मई को यात्रा नकाटीडीह, तालदेवरी, बोरसी, गतवा, सिलादेही होते हुए बिर्रा पहुंचेगी।

## नेशनल हेराल्ड केस में संलिप्तता पर सोनिया-राहुल का जलाया पुतला



**सक्ती।** नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेताओं द्वारा भाजपा पर लगाए गए आरोपों के विरोध में सक्ती में प्रदर्शन हुआ। भाजपा युवा मोर्चा ने इसे कांग्रेस की साजिश बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस अपने भ्रष्ट नेताओं को बचाने के लिए झूठा प्रचार कर रही है। प्रदर्शन के दौरान सक्ती कचहरी चौक में राहुल गांधी और सोनिया गांधी का पुतला दहन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन में युवा भाजपा नेता चिराग अग्रवाल, रवि पटेल, अनूप अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, रोशन राठौर, सूरज देवांगन, हर्ष देवांगन, घनश्याम देवांगन, गोविंद देवांगन और विक्रम प्रताप सिंह मौजूद रहे। युवा मोर्चा के सभी कार्यकर्ता भी प्रदर्शन में शामिल हुए।

## अनमोल वचन......

तुमने बहुत बहादुरी की है शाबाश! हिचकने वाले पीछे रह जायेंगे और तुम कुद कर सबके आगे पहुंच जाओगे जो अपना उध्दार में लगे हुए हैं, वे न तो अपना उद्धार ही कर सकेंगे और न दूसरों का।

# वस्त्र संहिता जरूरी

महाराष्ट्र के सभी मंदिरों में दिशा-निर्देश जारी कर भक्तों से शालीन कपड़े पहनने का आग्रह किया जा रहा है। मंदिरों के न्यासियों का मानना है, धार्मिक स्थलों की पवित्रता बनाये रखने के लिए ड्रेस कोड यानी वस्त्र संहिता जरूरी है। पुणे के मोरगांव और थेउर, अहिल्यानगर में सिद्धटेक और पिंपरी चिंचवाड़ मोरया गोसावी और रायगढ में खार नारंगी आदि के प्रबंधकों ने श्रद्धालुओं से उचित पोशाक पहनने का अनुरोध किया है। यह स्पष्ट किया गया है कि यह अनिवार्य नहीं है, मगर शिष्टाचार बनाये रखने के लिए सम्मानजनक अपील भर है।

इसी साल के शुरुआत में मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धविनायक मंदिर में भी ड्रेस कोड की घोषणा की थी। कुछ अन्य मंदिरों ने जींस, स्कर्ट, शार्ट्स, देह दर्शाना पोशाक पर सख्त पाबंदी लगाई है। यह प्रतिबंध समूचे महाराष्ट्र में लागू करने के प्रयास हैं। शनि शिगणापुर व अहिल्यानगर जिले के शिरडी में भी यह ड्रेस कोड लागू करने की अपील की गई है। कुछ साल पहले नागपुरके चार मंदिरों में ड्रेस कोड जारी किया था, जिसमें गोपालकृष्ण मंदिर, संकटमोचन पंचमुखी हनुमान, बृहस्पति मंदिर व दुर्गामाता मंदिर शामिल हैं। देशभर के विभिन्न बड़े मंदिरों में तेजी से ड्रेसकोड लागू होते जा रहे हैं। इसका बड़ा कारण यह भी है कि युवाओं में छोटे या बदन उघाड़ू कपड़े पहनने का फैशन चल पड़ा है। वास्तव में अन्य धार्मिक स्थलों मसलन गुरुद्वारों, चर्च व मजारों में इस तरह के ड्रेस कोड हमेशा से चले आ रहे हैं। कुछ धार्मिक स्थलों में सिर ढककर ही प्रवेश की आज्ञा होती है। हालांकि हिन्दू धर्म इन सब को लेकर बेहद सहिष्णु रहा है। तार्किक तौर पर तो बड़े मंदिरों में गर्भगृह में देवताओं की पूजा-अर्चना करने वाले महंत/पुरोहित/पुजारी हमेशा से केवल कमर के नीचे का भाग ढकते हैं। उनकी छाती हमेशा खुली होती है। मंदिर प्रांगण में जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा में खलल न हो, न ही उनकी आस्था पर प्रहार हो; यह ख्याल रखना मंदिर प्रबंधन का जिम्मा है। जिन धर्मस्थलों में वस्त्र-संहिता नहीं लागू है, वहां भी पहनावे के प्रति श्रद्धालुओं को सतर्क रहना सीखना चाहिए। आस्थावान होने का तात्पर्य है, भक्तों का प्रयास हो कि उनके कृत्य से किसी अन्य की भावनाएं न आहत हों। न ही वे खुद अपमानित होने वाले कदम उठाएं।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज कुछ नया करने का दिन है। आप किसी काम के बारे में नए सिरे से सोच सकते हैं। आज आपका सपना साकार होने वाला है। उसे हासिल करने के लिए आत्मविश्वास और मेहनत की जरूरत है। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता संबंधी परीक्षा में बेहतर परिणाम मिलेंगे।

**वृष राशिः** आज आपका दिन बहुत अच्छा रहेगा। किसी जरूरी काम या मीटिंग की वजह से आपको आउट ऑफ स्टेशन या फिर विदेश यात्रा पर भी जाना पड़ सकता है। आज अपनी बोलचाल का लहजा नर्म रखें। गलत शब्दों के प्रयोग से रिश्ते खराब हो सकते हैं। किसी प्रकार की दुविधा की स्थिति में अनुभवी व्यक्ति की सलाह आपके लिए उचित रहेगी। आपको काम में ज्यादा तरक्की मिलेगी।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। जो लोग लंबे समय से नौकरी की तलाश में हैं, उनकी तलाश आज पूरी हो सकती है। आज अपने व्यावसायिक संपर्कों को और मजबूत करें। आपको अच्छे ऑर्डर और नए अनुबंध मिल सकते हैं। आपकी मेहनत से काम समय पर पूरे हो जाएंगे और साथ ही कर्मचारियों का भी काम पर पूरा समर्पण रहेगा। नौकरी कर रहे लोगों को बदलाव संबंधी मौके मिल सकते हैं।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। शुरुआत में आपको लगेगा कि आपके काम पूरे हो रहे हैं, लेकिन शाम होते-होते किसी काम में समस्या आ सकती है। आज का दिन परिवारजनों के साथ बहुत ही सुकून भरा बीतेगा।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। जो छात्र बारहवीं के बाद कॉलेज में एडमिशन लेने की सोच रहे हैं उनके लिए आज का दिन अच्छा है। आज आपका उलझा हुआ काम बन सकता है, इसलिए पूरा ध्यान उस पर केंद्रित रखें। आज का दिन अपने सपने और महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बहुत ही अनुकूल है।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आप आपके कार्य जरूर सफल रहेंगे। कन्या के लिए आपको सुयोग्य वर मिल सकता है। अनुभवी लोगों का सानिध्य करने का मौका मिलेगा जिससे दिन बहुत ही बढ़िया रहेगा। आप कुछ नया करने की सोचेंगे। नई ऊर्जा का प्रभाव अपने अंदर महसूस करेंगे।

**तुला राशिः** आज आपका दिन ठीक रहेगा। किसी बड़े व्यक्ति से आपकी मुलाकात हो सकती है। आने वाले समय में वह आपके लिए बहुत ही उपयोगी साबित होंगे। आज ध्यान रखें कि किसी भी निर्णय को लेने में बहुत अधिक समय लगाने से कई उचित मौके हाथ से निकल भी सकते हैं। दूसरों की सलाह पर अमल करते समय उसके सभी पहलुओं पर सोच-विचार भी अवश्य कर लें।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन थोड़ा अच्छा रहेगा। आपको मन मुताबिक फल मिलेंगे। अगर आप अपने बिजनेस को किसी दूसरी जगह पर शिफ्ट करना चाह रहे हैं, तो एक बार जगह अच्छे से देख लें। किसी के साथ साझेदारी के लिए दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस में किसी काम के लिए आप खुद से जिम्मेदारी ले सकते हैं।

**धनु राशिः** आज आपका दिन बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। आज कार्यस्थल में आपकी निगरानी बहुत जरूरी है। थोड़ी सी लापरवाही से महत्वपूर्ण ऑर्डर हाथ से निकल भी सकते हैं। बेहतर होगा अपनी नीतियों में कुछ बदलाव लाएं। सहयोगियों तथा कर्मचारियों की गतिविधियों को नजरअंदाज न करें।

**मकर राशिः** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपकी समस्या हल होने वाली है। सकारात्मक नजरिया रखने से भी परिस्थितियां अपने आप ही सामान्य हो जाएंगी। आपकी संतान का ध्यान भी अपनी पढ़ाई की तरफ लगा रहेगा। तथा किसी विषय को लेकर चल रही समस्या भी दूर होगी। किसी सरकारी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों को पहले से ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।

**कुंभ राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज व्यावसायिक मामलों में बहुत ही धैर्य और संयम रखने की जरूरत है। मीडिया तथा मार्केटिंग संबंधी व्यवसाय में उचित उपलब्धियां बन रही हैं। हालांकि अपनी मेहनत के अनुरूप उचित परिणाम हासिल नहीं होंगे। किसी की मदद से बड़ा ऑर्डर मिल सकता है। परिवार में सौहार्दपूर्ण माहौल बना रहेगा। आज घर और बाहर हर जगह आपकी तारीफ होगी।

**मीन राशिः** आज आपका दिन अच्छा बीतेगा। आज कार्यस्थल पर बिजनेस में बहुत व्यस्तता और मेहनत रहेगी। बिजनेस में बड़ी डील होने की संभावना है। पब्लिक डीलिंग में भी फायदेमंद स्थितियां रहेंगी। आज परिवार जनों के बीच उचित सामंजस्य रहेगा। साझेदारी संबंधी बिजनेस में साझेदार के साथ चल रही गतिविधियों को शांति से सुलझाएं। गुस्से और आवेश में आने से परिस्थितियां और बिगड़ सकती हैं। किसी नजदीकी संबंधी द्वारा शुभ सूचना मिलने से खुशी भरा वातावरण रहेगा।

# कोई जनेऊ उतरवा रहा है, कोई ब्राह्मण पर पेशाब करने की बात कर रहा है, आखिर ब्राह्मणों ने बिगाड़ा क्या है ?

//नीरज कुमार दुबे //

**अपनी फिल्मों की तरह असल ज़िन्दगी में भी अभद्र भाषा के लिए कुख्यात फिल्मकार अनुराग कश्यप ने ब्राह्मणों पर पेशाब करने की बात कह कर अपनी मानसिक स्थिति का परिचय दिया है। हालांकि जब बयान की आलोचना की गयी तो उन्होंने कहा है कि उनकी टिप्पणी को सही संदर्भ में नहीं लिया गया। रोज सुबह-शाम ईश्वर की आराधना करते समय सबके कल्याण और विश्व में शांति के लिए प्रार्थना करने वाले ब्राह्मणों ने किसी का क्या बिगाड़ा है? यह सवाल हम इसलिए कर रहे हैं क्योंकि कभी दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय की दीवारों पर ब्राह्मण भारत छोड़ो का नारा लिख कर वामपंथी सामाजिक तनाव फैलाने का प्रयास करते हैं तो कभी खबर आती है कि कर्नाटक में एक परीक्षा केंद्र में छात्रों से परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने से पहले उन्हें जनेऊ उतारने के लिए कहा जाता है। कभी खबर देखने को मिलती है कि एक फिल्म निर्माता निर्देशक ब्राह्मणों पर पेशाब करने की बात खुलेआम कह देता है।**



देखा जाये तो हमारे देश की जाति व्यवस्था में ब्राह्मण को गुरु, पूज्य और यहाँ तक कि तीर्थस्वरूप माना गया है। कोई भी शुभ कार्य करना हो तो ब्राह्मण ही उसे संपन्न कराता है। पौराणिक ग्रंथों में तो उल्लेख मिलता है कि ब्राह्मण को कभी निराश नहीं करना चाहिए और ब्राह्मणों को दिये जाने वाला दान-दक्षिणा जन्म जन्मांतरों तक मनुष्य को अक्षय फल प्रदान करता है। लेकिन आज ब्राह्मणों के अपमान का फैशन-सा चल पड़ा है। चूंकि ब्राह्मण अपने हक के लिए या अपने खिलाफ हो रहे अत्याचार के विरोध में सड़कों पर नहीं उतरते इसलिए सरकारों का ध्यान भी उनकी ओर नहीं जाता। देखा जाये तो इतिहास गवाह है कि ब्राह्मणों ने कभी विद्रोह नहीं किया ना ही अपने हक के लिए कोई बड़ी लड़ाई लड़ी है। ब्राह्मण का प्रयास रहता है कि समाज में शांति और समृद्धि बनी रही। ब्राह्मणों के खिलाफ अक्सर अफवाहें और दुष्प्रचार अभियान भी चलाये जाते हैं लेकिन वह खामोशी से यह सोचते हुए सब कुछ देखते रहते हैं कि एक दिन प्रभु कृपा से सच सामने आ ही जायेगा।जहां तक कर्नाटक के शिवमोगा में सीईटी परीक्षा केंद्र आदिचुंचनगिरि पीयू कॉलेज में छात्रों से परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने से पहले उन्हें जनेऊ उतारने के लिए कहने की बात है तो इसको देखकर हर कोई स्तब्ध है। कर्नाटक ब्राह्मण सभा के सदस्य नटराज भागवत की शिकायत के बाद मामला दर्ज कर लिया गया है। देखना होगा कि इस मामले में कोई बड़ी कार्रवाई होती है या नहीं लेकिन जिसने भी जनेऊ उतारने के लिए कहा या कहलवाया उसे पता होना चाहिए कि यज्ञोपवीत यानि जनेऊ ब्राह्मण को प्रदत्त महान शक्ति है। यह शक्ति अत्यन्त शुद्ध चरित्रता और कठिन कर्तव्य परायणता प्रदान करने वाली है। यज्ञोपवीत न तो मोतियों का है और न स्वर्ण का, फिर भी यह ब्राह्मणों का आभूषण है। इसके द्वारा देवता और ऋषियों का ऋण चुकाया जाता है। जिन्होंने छात्रों को जनेऊ उतारने के लिए कहा उन्हें पता होना चाहिए कि यज्ञोपवीत से सत्य व्यवहार की आकांक्षा, अग्नि के समान तेजस्विता और दिव्य गुणों की पवित्रता प्राप्त होती है।

वहीं दूसरी ओर, अपनी फिल्मों की तरह असल ज़िन्दगी में भी अभद्र भाषा के लिए कुख्यात फिल्मकार अनुराग कश्यप ने ब्राह्मणों पर पेशाब करने की बात कह कर अपनी मानसिक स्थिति का परिचय दिया है। हालांकि जब बयान की आलोचना की गयी तो उन्होंने कहा है कि उनकी टिप्पणी को सही संदर्भ में नहीं लिया गया।

देखा जाये तो अनुराग कश्यप की कई फिल्में शीघ्र आने वाली हैं इसलिए सुर्खियों में आने और अपनी फिल्मों के प्रचार के लिए उन्होंने ब्राह्मणों के खिलाफ अमर्यादित बयान दे डाला। वैसे भी आजकल सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए किसी समाज या किसी इतिहास पुरुष के खिलाफ कोई विवादित बयान देने का चलन हो गया है। हम आपको यह भी बता दें कि शास्त्र सम्मत तरीके से अपना जीवन जीने वाले ब्राह्मणों पर अनुराग कश्यप की अशोभनीय टिप्पणी से समाज में रोष व्याप्त होना स्वाभाविक है इसलिए कुछ संगठनों की ओर से प्रदर्शन भी किये गये हैं। बहरहाल, कुछ समय पहले दिल्ली स्थित जेएनयू की दीवारों पर ब्राह्मण भारत छोड़ो का नारा लिख कर अपनी जातिवादी सोच को प्रदर्शित करने वालों को पता होना चाहिए कि भारत की आजादी का शुभ मुहूर्त भी ब्राह्मणों ने ही निकाला था।

# चिंताजनक राह पर बांग्लादेश, पाकिस्तान-चीन से नजदीकी भारत के लिए ठीक नहीं

**चीन बांग्लादेश का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार होने साथ एक प्रमुख रक्षा आपूर्तिकर्ता भी बन गया है। हालांकि बांग्लादेश चीन और भारत के बीच संबंधों को संतुलित करने की बात करता है पर तटीय बांग्लादेश में चीनी-वित्तपोषित बुनियादी ढांचा विशेषकर मोंगला पोर्ट और मुंशीरहाट के पास चीन की मजबूत रणनीतिक उपस्थिति भारत-बांग्लादेश संबंधों के लिए सकारात्मक नहीं कही जा सकती है।**

डा. अभिषेक श्रीवास्तव। भारत-बांग्लादेश के बीच रणनीतिक-सांस्कृतिक-व्यापारिक संबंधों का एक लंबा इतिहास रहा है। भारत की न सिर्फ बांग्लादेश की आजादी की लड़ाई में अहम भूमिका थी, बल्कि उसके आर्थिक और लोकतांत्रिक विकास में भी इसका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद से बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख बने मोहम्मद यूनुस बांग्लादेशी चरमपंथियों के साथ मिलकर इन ऐतिहासिक संबंधों को कमजोर कर रहे हैं। वह भारतीय हितों की अनदेखी कर इस क्षेत्र में नई भूराजनीति को हवा दे रहे हैं।मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बांग्लादेश की नई करवट ले रही विदेश नीति में ढाका की इस्लामाबाद और बीजिंग से बढ़ती 'नई दोस्ती' भारत के रणनीतिक हितों की दृष्टि से महत्वपूर्ण घटना है। खासकर रणनीतिक रूप से संवेदनशील सिलीगुड़ी कारिडोर के संबंध में, जिसे अक्सर 'चिकन नेक' कहा जाता है। सिलीगुड़ी कारिडोर उत्तरी बंगाल में भूमि की एक 22 किलोमीटर चौड़ी पट्टी है, जो भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ती है। यह नेपाल, बांग्लादेश और भूटान से घिरा हुआ है और चीन नियंत्रित तिब्बत के करीब है।इस कारिडोर में होने वाली किसी भी घटना को भारत राष्ट्रीय अखंडता और सामरिक दृष्टि से सीधे खतरे के रूप में देखता है। इस 'चिकन नेक' से 100 किलोमीटर से भी कम दूरी पर मुंशीरहाट स्थित है, जो भारत की सीमा के पास बांग्लादेश के खुलना डिविजन में स्थित है। खबर है कि हाल में वहां चीन ने बुनियादी ढांचागत विकास के नाम पर अपना एक नया रक्षा केंद्र खोला है। मुंशीरहाट एक ऐसे भौगोलिक क्षेत्र में आता है, जहां कोई भी विदेशी उपस्थिति भारत के लिए रणनीतिक रूप से खतरनाक होती है।गत वर्ष नेतृत्व संभालने के बाद से मोहम्मद यूनुस ने चीन के साथ बांग्लादेश के संबंधों को गहरा करने के लिए सक्रिय रूप से प्रयास किया है। पिछले दिनों बीजिंग यात्रा के दौरान मोहम्मद यूनुस ने चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें चीनी ऋणों पर ब्याज दरों में कमी और बांग्लादेश में चीनी विनिर्माण इकाइयों का स्थानांतरण शामिल है। हाल में चीन ने भी व्यापक निवेश और सैन्य सहयोग के माध्यम से बांग्लादेश में अपनी उपस्थिति का काफी विस्तार किया है। यह चीन की व्यापक 'स्ट्रिंग आफ पर्ल्स' रणनीति का एक हिस्सा है, जिसका उद्देश्य भारत को चीनी-मित्र राज्यों और सामरिक संपत्तियों के नेटवर्क से घेरना है। उल्लेखनीय रूप से बांग्लादेश में पनडुब्बी बेस के निर्माण से उसकी नौसैनिक क्षमताएं बढ़ी हैं और बंगाल की खाड़ी में उसकी रणनीतिक पहुंच का विस्तार हुआ है। इसके अतिरिक्त चीन ने बांग्लादेश में विभिन्न परियोजनाओं में 25 अरब डालर से अधिक का निवेश किया है, जिससे वह उसका एक प्रमुख आर्थिक भागीदार बन गया है। बांग्लादेश में चीनी ऋणों द्वारा वित्तपोषित पद्मा ब्रिज रेल लिंक, मोंगला पोर्ट एवं दक्षिण-पश्चिमी जिलों के बीच संपर्क मार्ग का निर्माण और बंगाल की खाड़ी में दोनों देशों की सेनाओं के बीच सहयोग अभ्यास में वृद्धि ढाका तथा बीजिंग की नई रणनीतिक साझेदारी का प्रमाण है। चीन बांग्लादेश का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार होने साथ एक प्रमुख रक्षा आपूर्तिकर्ता भी बन गया है। हालांकि बांग्लादेश चीन और भारत के बीच संबंधों को संतुलित करने की बात करता है, पर तटीय बांग्लादेश में चीनी-वित्तपोषित बुनियादी ढांचा, विशेषकर मोंगला पोर्ट और मुंशीरहाट के पास चीन की मजबूत रणनीतिक उपस्थिति भारत-बांग्लादेश संबंधों के लिए सकारात्मक नहीं कही जा सकती है। यही कारण है कि दक्षिणी बांग्लादेश में चीनी फर्मों से जुड़ी हाल की सड़क संपर्क और अंतरदेशीय जलमार्ग परियोजनाओं पर भारत ने चिंता जाहिर की है।बांग्लादेश को सबक सिखाने के लिए भारत ने उसे अपनी जमीन के जरिये कारोबार करने की दी गई सुविधा वापस ले ली है। इसके जरिये भारत ने बांग्लादेशी निर्यात को अपनी भूमि के माध्यम से किसी तीसरे देश में जाने की अनुमति दी थी। इस सुविधा के खत्म होने से बांग्लादेश के व्यापार, विशेष रूप से रेडीमेड कपड़ों के निर्यात में बाधा उत्पन्न होने के साथ लागत में वृद्धि हो सकती है। हाल में हुए बैंकाक में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मोहम्मद यूनुस से मुलाकात की। बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी ने ऐसी बयानबाजी से बचने के महत्व पर जोर दिया, जो द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक तनावपूर्ण बना सकती है। साथ ही उन्होंने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समूहों, विशेष रूप से हिंदुओं के खिलाफ हिंसक व्यवहार पर चिंता व्यक्त की तथा अत्याचारों की गहन जांच की वकालत की, परंतु उस पर इन कदमों का क्षणिक प्रभाव होगा।

ऐसा संभव है कि भारत का यह कदम बांग्लादेश को चीन के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रेरित करे। ऐसे में भारत को अपनी रणनीति का पुनर्मूल्यांकन करते हुए एक दीर्घकालिक रणनीति बनानी होगी जिससे अपने पड़ोस में चीन के बढ़ते प्रभाव को नियंत्रित किया जा सके, क्योंकि जिस प्रकार से महाशक्तियां बंदरगाहों, गलियारों और डिजिटल बुनियादी ढांचे के माध्यम से दूसरे देशों पर प्रभाव डालती हैं, उसी प्रकार बांग्लादेश की दक्षिण-पश्चिमी सीमाएं उभरती हुई इंडो-पैसिफिक प्रतिद्वंद्विता में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

# पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल विशेष: हरियाली और जल संरक्षण

प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर जीवन जीने की प्रेरणा देता है। इस वर्ष की थीम पृथ्वी बचाओ के साथ-साथ पर्यावरण के दो मूलभूत आधार हरियाली और जल संरक्षण पर विचार करना अत्यंत आवश्यक है। ये दोनों ही तत्व न केवल मानव जीवन, बल्कि समस्त जैव विविधता के अस्तित्व की कुंजी हैं।

वृक्ष और वनस्पतियाँ पृथ्वी के फेफड़े हैं। समुद्र पृथ्वी के सारे अपशिष्ट नैसर्गिक रूप से साफ करने का सबसे बड़ा संयत्र कहा जा सकता है। वायुमंडल से कार्बन डाईऑक्साईड अवशोषित कर ऑक्सीजन प्रदान करने के साथ-साथ वृक्ष मिट्टी के कटाव को रोकते हैं, जलवायु को संतुलित करते हैं, और जीव-जंतुओं को आश्रय देते हैं। भारत में वनों का क्षेत्रफल लगभग 21.71 प्रतिशत, भारतीय वन सर्वेक्षण 2021के अनुसार है, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार आवश्यक 33 प्रतिशत से कम है। शहरीकरण, अंधाधुंध निर्माण, और औद्योगिकीकरण के कारण हरियाली का ह्रास एक गंभीर समस्या बन चुका है।

- वनों की कटाई से मरुस्थलीकरण बढ़ रहा है। - प्रदूषण के कारण पेड़ों का जीवनकाल घटा है। - जैव विविधता पर संकट।

**समाधानः**

- सामुदायिक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाना। - सरकारी योजनाओं जैसे ग्रीन इंडिया मिशन को सक्रियता से लागू करना। - शहरी क्षेत्रों में छतों पर बगीचे (टेरेस गार्डनिंग) को बढ़ावा देना।

– – – **जल संरक्षणः**

जल ही जीवन है, यह वाक्य भारत जैसे देश में और भी प्रासंगिक है, आयोग, 2018 के अनुसार 60 करोड़ लोग पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं । नदियों का प्रदूषण, भूजल स्तर का गिरना, और वर्षा जल का अपव्यय जल संकट को गहरा कर रहे हैं।

**चुनौतियाँः**

- कृषि और उद्योगों में जल की अत्यधिक खपत। - वर्षा जल संचयन की पारंपरिक प्रणालियों (जैसे कुएँ, तालाब) का विलोपन। - नदियों में प्लास्टिक और रासायनिक कचरे के निपटान को रोकना।

**समाधानः**

- वर्षा जल संचयन (रेनवाटर हार्वेस्टिंग) को अनिवार्य बनाना। - नदियों की सफाई के लिए नमामि गंगे जैसे अभियानों को व्यापक स्तर पर लागू करना। - किसानों को ड्रिप सिंचाई और फसल चक्र अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना। हरियाली और जल संरक्षणः दोनों का अटूट नाता है। ये दोनों पहलू एक-दूसरे के पूरक हैं। वृक्ष भूजल स्तर बढ़ाने में मदद करते हैं, जबकि जल के बिना हरियाली संभव नहीं। हरियाली के बिना शुद्ध वातावरण संभव नहीं होता। उदाहरण के लिए, राजस्थान के तरुण भारत संघ ने जल संरक्षण और वनीकरण के माध्यम से अलवर क्षेत्र को हरा-भरा बनाने का वृहद कार्य किया है। इसी प्रकार, केरल की हरित क्रांति ने वर्षा जल प्रबंधन को प्राथमिकता देकर कृषि उत्पादन बढ़ाया।

## तस्वीरों की दुनिया



दिल्ली के मंत्री प्रवेश वर्मा ने नई दिल्ली में तिमारपुर ऑक्सीकरण तालाब का निरीक्षण किया।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानपुर में उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और अन्य लोगों के साथ नयागंज मेट्रो स्टेशन से रावतपुर मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो की सवारी की।



केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने हैदराबाद के खैरताबाद में भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई), हैदराबाद चैप्टर के नए भवन की आधारशिला रखी।



रामबन जिले के धरमकुंड इलाके में चिनाब पुल के पास भारी बारिश के कारण आई बाढ़ से कई घर क्षतिग्रस्त होने के बाद ग्रामीणों की मदद करता एक पुलिस कर्मी।




दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल और अन्य के साथ नई दिल्ली स्थित दिल्ली भाजपा कार्यालय में एक राष्ट्र एक चुनाव पर बैठक के दौरान।



जम्मू-कश्मीर के रामबन क्षेत्र में बादल फटने से भूस्खलन हुआ।



लगातार बारिश के कारण हुए भारी भूस्खलन से रामबन जिले में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग का एक हिस्सा अवरुद्ध हो गया।

# पिता करुणानिधि की राह पर 50 साल बाद सीएम स्टालिन

## तमिलनाडु की स्वायत्तता के लिए 1974 में पेश किया था प्रस्ताव



चेन्नई, 21 अप्रैल [एजेंसी]।

राज्यों के लिए स्वायत्तता को मजबूती देने के उपाय सुझाने के लिए पिछले दिनों तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज कुरियन जोसेफ की अध्यक्षता में समिति गठित करने की घोषणा की थी। इसी स्वायत्तता के लिए उनके पिता एम. करुणानिधि ने भी 50 से अधिक वर्ष पहले संघर्ष किया था, जब वह राज्य के मुख्यमंत्री थे। करुणानिधि ने राज्य की स्वायत्तता की पैरवी करते हुए 16 अप्रैल, 1974 को राज्य विधानसभा में एक प्रस्ताव पेश किया था और जिसे पारित कर दिया गया था। इस मुद्दे पर द्रमुक के संस्थापक सीएन अन्नादुरई (1909-1969) उनके प्रेरणास्त्रोत थे जो 1967 से 1969 तक राज्य के मुख्यमंत्री रहे थे और राज्य की स्वायत्तता के प्रबल समर्थक थे। प्रस्ताव पेश करते हुए करुणानिधि ने कई बार अन्नादुरई को उद्धत किया था। करुणानिधि ने इस बात की भी याद दिलाई थी कि उन्होंने 19 अगस्त, 1969 को पीवी राजामन्नार की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित करने की घोषणा की थी जिसमें एएल मुदालियर और पी. चंद्रा रेड्डी सदस्य थे।22 सितंबर, 1969 को राज्यों की स्वायत्तता के आधार पर केंद्र व राज्यों के बीच रिश्तों के सवाल की पड़ताल के लिए समिति गठित कर दी गई थी। 1971 के चुनावी घोषणापत्र में भी द्रमुक ने अधिकतम स्वायत्तता के लिए संवैधानिक संशोधन की मांग की थी।27 मई, 1971 को प्रदेश सरकार को राजामन्नार समिति की रिपोर्ट मिल गई थी और इसे तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को भेज दिया गया था। उन्होंने 22 जून, 1971 को इसके मिलने की पुष्टि की थी। इंदिरा गांधी का कहना था कि प्रशासनिक सुधार आयोग ने भी इस सवाल पर विचार किया था और उसकी रिपोर्ट केंद्र के विचाराधीन है।

### पीएम के इशारे पर निशिकांत दुबे ने सुप्रीमकोर्ट के खिलाफ दिया बयान, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी का भाजपा पर निशाना

**जमशेदपुर।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी रविवार की रात जमशेदपुर सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। अस्पताल भ्रमण के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि भाजपा का घमंड अब सिर चढ़कर बोल रहा है। इसी अहंकार के चलते भाजपा नेता सुप्रीम कोर्ट और संविधान पर सीधा हमला बोल रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने जो बयान दिया है, वो उनकी व्यक्तिगत राय नहीं बल्कि प्रधानमंत्री के इशारे पर दिया गया बयान है।

# जमशेदपुर में करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की गोली मारकर हत्या, झाड़ियों में मिला शव, जमकर हंगामा

जमशेदपुर, 21 अप्रैल [एजेंसी]।

मानगो बालीगुमा में रविवार देर रात एक सनसनीखेज वारदात ने शहर को झकझोर दिया। क्षत्रिय करणी सेना परिवार के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय सिंह की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। राष्ट्रीय राजमार्ग-33 पर मिनी पंजाब होटल से 500 मीटर दूर एक कच्ची सड़क पर घात लगाकर किए गए इस हमले में विनय सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। उनके सिर में गोली लगी थी, और शरीर पर घसीटने के निशान मिले। पुलिस ने घटनास्थल से उनकी स्कूटी, मोबाइल और एक पिस्तौल बरामद की है। हत्या की खबर फैलते ही करणी सेना के समर्थकों ने डिमना चौक और एनएच-33 जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है, लेकिन एंबुलेंस की देरी से नाराज लोगों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ गुस्सा जताया।विनय सिंह, जो उलीडीह थाना क्षेत्र के आस्था स्पेस टाउन के निवासी थे, अपने जमीन से जुड़े काम के सिलसिले में बालीगुमा आए थे। मिनी पंजाब होटल के पास एक गली में जैसे ही वे पहुंचे, वहां पहले से घात लगाए अपराधियों ने उन पर गोली चला दी। गोली उनके सिर में लगी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस को विनय सिंह का शव मिनी पंजाब होटल से करीब 500 मीटर दूर एक कच्ची सड़क पर झाड़ियों में मिला। उनके शरीर पर कई जगह चोट के निशान थे, जो शव को घसीटने की वजह से बने प्रतीत हो रहे थे। हैरानी की बात यह थी कि उनके बाएं हाथ में एक पिस्तौल फंसी हुई थी, जिसके चलते शुरुआत में कुछ लोग आत्महत्या की आशंका जता रहे थे। हालांकि, पुलिस ने इसे खारिज करते हुए हत्या की पुष्टि की। घटनास्थल से उनकी क्षतिग्रस्त स्कूटी और मोबाइल भी



बरामद किया गया। पटमदा डीएसपी वचनदेव कुजूर ने बताया कि विनय सिंह जमीन देखने के लिए स्कूटी से आए थे और उसी दौरान यह हमला हुआ।घटना की सूचना मिलते ही एमजीएम थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन एंबुलेंस की व्यवस्था में देरी ने लोगों का गुस्सा भड़का दिया। करीब दो घंटे तक शव सड़क पर ही पड़ा रहा, क्योंकि पुलिस एंबुलेंस का इंतजाम नहीं कर पाई।स्थानीय लोगों और करणी सेना कार्यकर्ताओं ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की और शव को बिना एंबुलेंस के उठाने से रोक दिया। रात 11.50 बजे एंबुलेंस के आने के बाद शव को एमजीएम अस्पताल ले जाया गया। इस दौरान एनएच-33 पर लंबा जाम लग गया, और यातायात पूरी तरह ठप हो गया।विनय सिंह की हत्या की खबर फैलते ही करणी सेना के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में गुस्सा भड़क उठा। देर रात हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सैकड़ों लोग डिमना चौक पर जमा हो गए और सड़क जाम कर दी।

प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाए और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए। आजसू जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह, सनातन उत्सव समिति के चिंटू, भवानी सिंह सहित कई नेता और कार्यकर्ता घटनास्थल पर पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की और चेतावनी दी कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। करीब डेढ़ घंटे तक चले इस प्रदर्शन के बाद पुलिस के आश्वासन पर जाम हटाया गया। विनय सिंह क्षत्रिय करणी सेना के एक तेज-तर्रार और लोकप्रिय नेता थे। डिमना रोड पर उनकी जमशेदपुर टाइल्स नाम की मार्बल की दुकान थी। वे सामाजिक और संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रहते थे और उलिडीह के आस्था स्पेस टाउन में अपने परिवार के साथ रहते थे।उनके दो बेटों ने बताया कि उनके पिता का किसी से कोई विवाद नहीं था। वे गणेश सिंह के करीबी माने जाते थे। उनकी हत्या को लेकर पुलिस परिचितों से जुड़े कोण से भी जांच कर रही है।

पुलिस ने घटना को सुनियोजित हत्या करार दिया है। सीनियर पुलिस अधिकारियों ने मौके का मुआयना किया और विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, और अपराधियों की तलाश जारी है। डीएसपी वचनदेव कुजूर ने बताया कि सभी पहलुओं से जांच की जा रही है, और जल्द ही हत्यारों को पकड़ लिया जाएगा। हालांकि, स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस की ढिलाई ने अपराधियों के हौसले बुलंद किए हैं। विनय सिंह की हत्या ने क्षत्रिय समाज और करणी सेना में भारी आक्रोश पैदा किया है। संगठन ने इसे समाज के सम्मान पर हमला करार दिया है।

# पुतिन की घोषणा के बाद जारी रही लड़ाई, ईस्टर पर भी रूस और यूक्रेन ने किए हमले

कीव, 21 अप्रैल [एजेंसी]।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि संडे ईस्टर पर रूस ने अपने हमले जारी रखे जबकि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 30 घंटे के युद्धविराम का एलान किया था। शनिवार रात पुतिन ने चर्च जाकर ऑर्थोडाक्स ईस्टर सर्विस की थी और सेना को मध्य रात्रि से यूक्रेन सीमा पर चल रही सभी सैन्य गतिविधियों को रोकने का आदेश दिया था। रूस ने कहा है कि जवाब में यूक्रेन को भी युद्धविराम करना चाहिए लेकिन उसने नहीं किया और हमले जारी रखे। सोमवार सुबह से रूसी सेना भी हमले करेगी। इंटरनेट मीडिया पोस्ट में जेलेंस्की ने कहा कि पुतिन ने यह घोषणा कर युद्धविराम का संदेश देने की कोशिश की लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं हुआ। कई मोर्चों पर रूसी सेना ने अपनी गतिविधियां जारी रखीं और यूक्रेन को नुकसान पहुंचाया।



यूक्रेनी सेना ने बताया है कि रविवार सुबह सीमा पर पांच मोर्चों पर रूस की ओर से 59 बार गोलाबारी की गई। इससे पता चलता है कि सीमा पर लड़ाई नहीं रुकी।

रूस के नियंत्रण वाले यूक्रेनी इलाके डोनेस्क में रविवार सुबह तीन विस्फोटों की आवाज सुनी गई लेकिन उनसे हुए नुकसान का पता नहीं चला है। जेलेंस्की ने अपने ईस्टर मैसेज में यूक्रेन वासियों से शांति की उम्मीद न छोड़ने की अपील की। कहा, हम सब जानते हैं कि हम किस चीज की रक्षा के लिए लड़ रहे हैं और कौन हमारा साथ दे रहा है। जेलेंस्की ने यह संदेश कीव के सेंट सोफिया कैथेड्रल के समक्ष खड़े होकर दिया।

# किआ मोटर्स प्लांट से 900 इंजन चोरी, पुलिस ने 9 आरोपियों को किया गिरफ्तार, बड़ा गिरोह था शामिल



**पेणुकोंडा।** आंध्र प्रदेश के श्री सत्य साई जिले में दक्षिणी कोरियाई कंपनी किआ मोटर्स के पेणुकोंडा प्लांट से लगभग 900 कार इंजन चोरी होने के मामले में पुलिस ने नौ आरोपितों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने रविवार को बताया कि पेणुकोंडा की एक अदालत ने आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। कार इंजन की चोरी मामले में पुलिस की जांच पड़ताल जारी है। अभी तक केवल 10 प्रतिशत जांच पूरी हुई है। पता लगाया जा रहा है कि इसमें कौन-कौन शामिल है। पुलिस ने बताया है कि पांच वर्षों से कार के इंजन की चोरी हो रही थी। चुराए गए इंजनों की तस्करी की जाती थी और उन्हें भारत के कई राज्यों में बेचा जाता था। इससे बड़े अवैध नेटवर्क संचालित होने का संकेत मिलता है। पिछले महीने आंतरिक ऑडिट के दौरान किआ के अधिकारियों ने देखा कि कारों के इंजन गायब थे। कंपनी ने 19 मार्च को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। श्री सत्य साई जिले के पेणुकोंडा में किआ कंपनी का कार निर्माण संयंत्र है। इससे पहले पुलिस अधिकारी वेंकटेश्वरलू ने बताया था, 2020 से इंजनों की चोरी हो रही थी। इंजन या तो संयंत्र के अंदर से या वहां पहुंचने के रास्ते में चुराए गए होंगे, क्योंकि एक छोटा पुर्जा भी कंपनी की अनुमति के बिना बाहर नहीं जा सकता।

# यूपी में सोशल मीडिया के जरिए आतंक की साजिश रच रहे थे संदिग्ध युवक, एटीएस ने तीन युवकों को हिरासत में लिया




लखनऊ, 21 अप्रैल [एजेंसी]।

सैन्य ठिकानों पर हमले की साजिश रचने के आरोप में शनिवार को संभल से हिरासत में लिए गए युवकों ने कई राज उगले हैं। एटीएस को पूछताछ में युवकों ने यह जानकारी दी है कि वह इंटरनेट मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों के माध्यम से अपने आकाओं के संपर्क में थे। इनके दो हैंडलर दिल्ली से इन्हें मिलने भी आते थे। यह युवक इंटरनेट मीडिया के जरिए सिग्नल पर बने अल-मौत-उल-हिन्द ग्रुप के अलावा व्हाट्स एप, इंस्टाग्राम व डिस्कर्ड के जरिए अपने आकाओं को संदेश भेजते थे। इंस्टाग्राम पर ग्रीन बर्ड्स व डिस्कर्ड पर स्ट्रेंजर्स नामक ग्रुप के जरिए इन्हें देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने संबंधी संदेश भेजे जाते थे।एटीएस के सूत्रों ने बताया कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कर अभी एक युवक से पूछताछ की जा रही है, जबकि दो युवक नाबालिग हैं। इनके मोबाइल से कई और जानकारियां मिली हैं। एटीएस की टीम ने शनिवार की रात को संभल के ख्वास सराय व हिन्दुपुर खेड़ा से बिहार निवासी तीन युवकों को आतंकी गतिविधियों में लिप्त होने के आरोप में हिरासत में लिया था। इनसे पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर रविवार को भी एटीएस की टीम ने इंटरनेट मीडिया के कई खातों को खंगाला है।

साथ ही कुछ स्थानों पर छापेमारी भी की गई है, लेकिन एटीएस अभी इसकी जानकारी गुप्त रख रहा है। हिरासत में लिए गए युवकों को कई तरह के हथियारों को चलाने का ऑनलाइन प्रशिक्षण भी दिया गया था। इन युवकों को भारत और इजरायल के सैन्य ठिकानों पर हमले के लिए तैयार किया जा रहा था।एटीएस की टीमें संभल में कई सीसीटीवी कैमरों की फुटेज निकाल कर इन युवकों से मिलने आने वाले हैंडलर्स की जानकारी जुटा रही हैं।

# Followers बढ़ाने की सनक में युवक को बीच सड़क पर पीटा, वीडियो भी बनाया, बेहोश पड़ा रहा घायल

**उदयपुर।** राजस्थान में उदयपुर के बावलवाड़ा थाना क्षेत्र में झकझोर देने वाली घटना सामने आई है, जहां दहशत फैलाने व इंटरनेट मीडिया पर फॉलोअर की संख्या बढ़ाने की नीयत से कुछ युवकों ने बीच सड़क एक युवक को बेरहमी से पीट दिया। उसे बेल्ट, लात-घूंसों से मारते हुए उन्होंने वीडियो बनाया और उसे इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित भी कर दिया। मारपीट के दौरान वे फॉलोअर की संख्या बढ़ने की बातें कर रहे थे। घटना 15 अप्रैल की दोपहर राष्ट्रीय राजमार्ग 927-ए के ववाई मोड़ पर हुई। पीड़ित ललित कुमार जीजा और बहन के साथ घर लौट रहा था। जैसे ही वह थोड़ा पीछे छूटा, आठ युवकों ने अपनी दो बाइकों से उसका रास्ता रोक लिया।ललित ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया है कि आरोपियों ने बिना कारण उसे पीटना शुरू कर दिया। वे लगातार उसके मुंह, पेट और नाक पर लात-घूंसे बरसाते रहे। वह हाथ जोड़कर कहता रहा कि उसने कुछ नहीं किया, लेकिन बदमाश नहीं माने।

उन्होंने उसे दौड़ा-दौड़ाकर पीटा और बेल्ट से कई बार मारा। हमले के बाद ललित सड़क पर ही आधे घंटे तक बेहोश पड़ा रहा। ललित के नहीं लौटने पर जीजा और बहन उसे ढूंढ़ते घटनास्थल पर पहुंचे और उसे घायल अवस्था में अस्पताल ले गए। इलाज के बाद ललित ने 19 अप्रैल को बावलवाड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।


## इंडोनेशिया के सेरम द्वीप पर 5.5 तीव्रता का भूकंप, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** इंडोनेशिया के सेरम द्वीप पर सोमवार को 5.5 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेस (जीएफजेड) ने यह जानकारी दी।जीएफजेड के अनुसार, भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर (6.21 मील) की गहराई पर था। फिलहाल, इस भूकंप से किसी तरह के नुकसान या हताहत होने की कोई खबर नहीं है। विशेषज्ञों ने भूकंप के दौरान और बाद में सुरक्षित रहने के लिए कुछ जरूरी सावधानियों का पालन करने की सलाह दी है। सबसे पहले, भूकंप आने पर ड्रॉप, कवर, और होल्ड की तकनीक अपनाएं।

# अक्षय तृतीया के लिए सज रहा ज्वेलरी मार्केट, कई ऑफर, जमकर हो रही बुकिंग

पटना, 21 अप्रैल [एजेंसी]।

अक्षय तृतीया को लेकर आभूषण बाजार तैयार हो रहा है। बाजार में सोने-चांदी के साथ डायमंड ज्वेलरी के खरीद पर आकर्षक ऑफर दिए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त मेकिंग चार्ज पर भी छूट दिए जा रहे हैं। अक्षय तृतीया के मुहूर्त के अनुसार ग्राहक खरीदारी करेंगे। इसके लिए बुकिंग खूब चल रही है। अक्षय तृतीया पर सोने-चांदी के आभूषण की खरीदारी की परंपरा सदियों से चली आ रही है। इसी में सोने और चांदी के कीमतों में ऊछाल के कारण लोगों के जेब पर सीधा असर डाल रही है। इसके कारण अब बाजार में हल्के सोने और चांदी के आभूषण के साथ-साथ डायमंड के आभूषणों की मांग देखी जा रही है। लोग जहां पहले से गोल्ड रेट लॉक करा रहे है, वहीं, मासिक किस्तों में एक निश्चित राशि जमा कर ज्वेलरी की



खरीदारी कर रहे है।साथ ही स्वर्ण आभूषणों के दाम में वृद्धि को देखते हुए लाइट वेट के साथ-साथ 18 कैरेट के आभूषणों के भी डिमांड बढ़ी है। फ्रेजर रोड तनिष्क के उमेश टेकरीवाल ने बताया कि सोना का दाम बीते अक्षय तृतीया से 40 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक बढ़ा है। इस कारण लाइटवेट स्वर्ण आभूषण पर ज्यादा पसंद कर रहे है। ईयररिंग, पेंडेंट, चेन के साथ-साथ लग्न को लेकर भी खूब खरीदारी हो रहे है। इससे कारोबार भी बेहतर होने की उम्मीद है। इस वर्ष दो सौ करोड़ के पार कारोबार पटना में होने की उम्मीद है। बाजार में सोने-चांदी के साथ डायमंड ज्वेलरी के खरीद पर आकर्षक ऑफर दिए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त मेकिंग चार्ज पर भी छूट दिए जा रहे हैं। स्वर्ण आभूषणों के दाम में वृद्धि को देखते हुए लाइट वेट के साथ-साथ 18 कैरेट के आभूषणों के भी डिमांड बढ़ी है। बोरिंग रोड सेविका ज्वेलर्स के मोहित खेमका ने बताया कि गोल्ड में बुकिंग पर आठ प्रतिशत मेकिंग किया गया है। इसके अतिरिक्त अभी बुकिंग कराने पर बढ़ते या घटते में जो भी न्यूनतम राशि होगी, उसी के आधार पर बिल किया जाएगा।उन्होंने बताया कि बाजार में पांच ग्राम में नेकलेस सेट, चार ग्राम में मंगलसूत्र, एक-डेढ़ ग्राम में अंगूठी, तीन ग्राम में चेन आदि लोगों को पसंद किए जा रहे है।

## कुख्यात नरेश हरिजन गैंग से जुड़े तीन अपराधी उदयपुर में गिरफ्तार, हत्या की रच रहे थे साजिश



**उदयपुर।** शहर में संगठित अपराध पर शिकंजा कसते हुए पुलिस ने कुख्यात नरेश हरिजन गैंग से जुड़े तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 3 पिस्टल, 1 प्रतिबंधित पम्प एक्शन गन और 33 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। प्रकरण को लेकर पुलिस ने बताया कि कुख्यात अपराधी नरेश हरिजन शहर के सुखेर थाने का हिस्ट्रीशीटर है। जिसने जयपुर के अपराधी इमरान उर्फ सरिया को साढ़े तीन लाख रुपए की सुपारी देकर उदयपुर बुलाया था। वह अपने विरोधी अन्य हिस्ट्रीशीटर की हत्या कराना चाहता था। नरेश हरिजन के बुलावे पर जयपुर के रामगंज बाजार निवासी इमरान उर्फ सरिया उर्फ मोगली पुत्र मोहम्मद असलम, भगवानलाल उर्फ भगवतीलाल मीणा पुत्र अमरा और अनिकेत चौहान पुत्र नरेश चौहान यहां आए थे।वे वारदात करते इससे पहले पुलिस को भनक लग गई और तीनों को दबोच लिया गया। पुलिस ने बताया कि इमरान पर 38 गंभीर आपराधिक प्रकरण, भगवानलाल पर चोरी के 3 केस, और गैंग सरगना नरेश हरिजन पर 35 संगीन मामले दर्ज हैं।

# क्या उद्धव ने अपनी पत्नी से अनुमति ली थी, उद्धव-राज ठाकरे के साथ आने की चर्चा पर नितेश राणे का तंज



मुंबई, 21 अप्रैल [एजेंसी]।

उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने कहा है कि उनकी पार्टी और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के बीच गठबंधन की कोई घोषणा नहीं हुई है। अभी केवल दोनों के बीच भावनात्मक बातचीत ही हो रही है। उन्होंने कहा कि उद्धव ठाकरे ने मनसे के अध्यक्ष और अपने चचेरे भाई राज ठाकरे के साथ सुलह के लिए कोई पूर्व शर्त नहीं रखी है। गठबंधन की कोई घोषणा नहीं हुई है। फिलहाल भावनात्मक बातचीत जारी है। राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे पारिवारिक कार्यक्रमों में मिलते रहते हैं। वे भाई हैं। राज ठाकरे ने फिल्म निर्माता महेश मांजरेकर को दिए साक्षात्कार में कहा था कि उन्हें अविभाजित शिवसेना में उद्धव के साथ काम करने में कोई समस्या नहीं थी। इस बयान के बाद दोनों के बीच सुलह की अटकलें शुरू हो गई हैं। यह साक्षात्कार काफी पहले रिकार्ड किया गया था। इसे शनिवार को प्रसारित किया गया। राज ठाकरे ने कहा है कि सवाल यह है कि क्या उद्धव उनके साथ काम करना चाहते हैं। हालांकि, मनसे की मुंबई इकाई के अध्यक्ष एवं पार्टी के प्रवक्ता संदीप देशपांडे ने कहा कि लोग राज ठाकरे की टिप्पणी को जरूरत से ज्यादा तूल दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनावी गठबंधन अभी दूर की बात है। शिवसेना (यूबीटी) को मराठी भाषा तथा लोगों के लिए मनसे के आंदोलन का समर्थन करना चाहिए। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे उस समय नाराज हो गए, जब एक मीडियाकर्मी ने उनसे उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के बीच सुलह की अटकलों पर प्रतिक्रिया मांगी। इस पर उन्होंने कहा कि इसके स्थान पर वह सरकार के काम के बारे में बात करें। शनिवार को शिंदे सतारा जिला स्थित अपने पैतृक गांव में थे। इसी दौरान उनसे यह सवाल पूछा गया। महाराष्ट्र के मंत्री और भाजपा नेता नितेश राणे ने रविवार को कहा कि उद्धव ठाकरे से पूछना चाहिए कि क्या उन्होंने मनसे के साथ हाथ मिलाने की दिशा में कोई कदम उठाने से पहले अपनी पत्नी रश्मि ठाकरे की अनुमति ली थी। ऐसे फैसलों में उनकी राय अधिक महत्वपूर्ण होती है। आरोप लगाया कि रश्मि ठाकरे ने राज ठाकरे के शिवसेना से बाहर निकलने में बड़ी भूमिका निभाई थी। जबकि, उस समय दोनों चचेरे भाइयों के बीच कोई बड़ा मतभेद नहीं था। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे के फिर से साथ आने की अटकलों के बीच कहा कि यदि दोनों साथ आते हैं, तो हमें खुशी होगी। सदि लोग अपने मतभेद सुलझा लेते हैं, तो यह अच्छी बात है।

# बायोलॉजिकल पार्क में एक महीने में दो बार लगी आग, दो घंटों की मशक्कत के बाद काबू, पार्क अस्थाई रूप से बंद



उदयपुर, 21 अप्रैल [एजेंसी]।

शहर के सज्जनगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में एक महीने बाद फिर रविवार को अचानक लगी आग ने अफरा-तफरी मचा दी। दोपहर करीब 11.45 बजे पार्क के गोल्फ कार्ट स्टैंड के पास सूखी घास में लगी आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया।छुट्टी के दिन बड़ी संख्या में आए पर्यटक जान बचाकर भागे, वहीं आग की लपटें वन्यजीवों के पिंजरों के करीब पहुंच गईं।

इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगने के बाद कुछ ही मिनटों में घना धुआं पूरे इलाके में फैल गया। पार्क में मौजूद बंदर और ऐमू जैसे कई जानवर घबराकर पिंजरों में इधर-उधर दौड़ने लगे। तेज आवाजें और जानवरों की बेचैनी ने स्थिति को और चिंताजनक बना दिया। स्टाफ ने तुरंत टूरिस्टों को बाहर निकाला और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए।चेतक सर्किल स्थित फायर स्टेशन से बुलाए गए दमकल दल ने मौके पर पहुंचकर तीन गाड़ियों की मदद से आग बुझाने का काम शुरू किया। करीब 1 घंटा 45 मिनट तक चली कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। आग स्वतः लगी या किसी की लापरवाही रही, इसकी जांच की जा रही है। एहतियातन पार्क को अगली सूचना तक बंद कर दिया गया है।

# प्राकृतिक सुंदरता, ठंडे मौसम और शांति के लिए प्रसिद्ध है कोडाइकनाल

**कोडाइकनाल की सबसे प्रसिद्ध स्थल है कोडाइकनाल झील। यह झील पूरे शहर के केंद्र में स्थित है और यहां पर्यटक नौका विहार का आनंद ले सकते हैं। झील के चारों ओर सुंदर बगीचे और ट्री-लाइन पथ हैं, जहां आप सैर कर सकते हैं। कोडाइकनाल, तमिलनाडु राज्य के पश्चिमी घाट में स्थित एक खूबसूरत पर्वतीय स्थल है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता, ठंडे मौसम और शांति के लिए प्रसिद्ध है। इसे दक्षिण भारत का शिमला भी कहा जाता है। यहां की हरी-भरी पहाड़ियाँ, झीलें, जलप्रपात और वन्यजीव अभयारण्य इसे एक आदर्श पर्यटन स्थल बनाते हैं। कोडाइकनाल उन पर्यटकों के लिए स्वर्ग जैसा है जो प्रकृति के बीच शांति और सुकून की तलाश करते हैं। आइए जानते हैं कोडाइकनाल के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में।**



**1. कोडाइकनाल झील**

कोडाइकनाल की सबसे प्रसिद्ध स्थल है कोडाइकनाल झील। यह झील पूरे शहर के केंद्र में स्थित है और यहां पर्यटक नौका विहार का आनंद ले सकते हैं। झील के चारों ओर सुंदर बगीचे और ट्री-लाइन पथ हैं, जहां आप सैर कर सकते हैं। यह स्थान परिवारों और दोस्तों के साथ समय बिताने के लिए आदर्श है। झील के किनारे स्थित कैफे और दुकानों से यहां के सौंदर्य का आनंद लिया जा सकता है।

**2. ब्रायंट पार्क**

ब्रायंट पार्क कोडाइकनाल का एक सुंदर बाग-बगिचा है, जहां फूलों और पौधों की एक अद्भुत विविधता देखने को मिलती है। यह पार्क झील के पास स्थित है और यहां की ताजगी और शांति पर्यटकों को बहुत आकर्षित करती है। यह स्थान फोटोग्राफी के शौकिनों के लिए भी आदर्श है, क्योंकि यहां की हरियाली और रंग-बिरंगे फूल किसी चित्र के जैसे दिखते हैं। पार्क में एक विशेष फूल मेला भी आयोजित होता है, जो पर्यटकों को अपनी ओर खींचता है।

**3. सुहाना पहाड़ी**

सुहाना पहाड़ी, जिसे कोकर वॉक भी कहा जाता है, कोडाइकनाल की एक प्रसिद्ध सैरगाह है। यह एक संकीर्ण मार्ग है, जो पहाड़ी की चोटी से गुजरता है और यहां से आप कोडाइकनाल का अद्भुत दृश्य देख सकते हैं। इस स्थल से आपको पूरे शहर का दृश्य और घाटियों का शानदार नज़ारा मिलता है। यह स्थल ट्रैकिंग और सैर के शौकिनों के लिए आदर्श है। विशेष रूप से सूर्योदय और सूर्यास्त के समय यहां का दृश्य बहुत ही आकर्षक होता है।

**4. पिलर रॉक**

पिलर रॉक, कोडाइकनाल का एक प्रसिद्ध स्थल है, जो विशाल और ऊंची चट्टानों का समूह है। ये चट्टानें लगभग 400 फीट ऊंची हैं और इनका दृश्य बहुत ही अद्भुत और आकर्षक होता है। पर्यटक यहां ट्रैकिंग और फोटोग्राफी का आनंद ले सकते हैं। यह स्थल कोडाइकनाल के आकर्षणों में से एक है और यहां का दृश्य बहुत ही मनमोहक होता है।

**5. साइलेंट वैली व्यू**

साइलेंट वैली व्यू कोडाइकनाल का एक शांतिपूर्ण और खूबसूरत स्थल है, जहां से आप पूरी घाटी का सुंदर दृश्य देख सकते हैं। यह स्थान पूरी तरह से प्रकृति के बीच स्थित है, जहां आपको शांति और एकांत का अनुभव होता है। यह स्थल विशेष रूप से उन पर्यटकों के लिए आदर्श है जो प्रकृति से जुड़ी शांति की तलाश में होते हैं।

**6. गोल्डन वैली और वाटरफॉल**

कोडाइकनाल के पास स्थित गोल्डन वैली और जलप्रपात एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। यहां की घाटियां और गिरते हुए पानी के झरने बहुत ही सुंदर और आकर्षक होते हैं। यह स्थल ट्रैकिंग और प्रकृति प्रेमियों के लिए एक आदर्श गंतव्य है। झरने के पास ठंडी हवा और शांत वातावरण में समय बिताना एक बेहतरीन अनुभव होता है।

**7. वैली व्यू**

वैली व्यू, कोडाइकनाल के प्रमुख दृश्य स्थलों में से एक है। यहां से आपको कोडाइकनाल की घाटियों और पहाड़ियों का खूबसूरत दृश्य दिखाई देता है। यह स्थल विशेष रूप से सूर्योदय और सूर्यास्त के समय शानदार होता है। यहां से पहाड़ों के बीच फैली हरी-भरी घाटियों का दृश्य बहुत ही अद्वितीय होता है।

**8. शिवाजी पार्क**

शिवाजी पार्क कोडाइकनाल का एक प्रमुख पर्यटक स्थल है, जो झील के पास स्थित है। यह एक खूबसूरत पार्क है, जहां आप बच्चों के साथ आराम से समय बिता सकते हैं। यहां खेलकूद के सामान और अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। यह स्थल परिवारों के लिए एक आदर्श गंतव्य है।

**9. कुन्नू वॉटरफॉल**

कुन्नू जलप्रपात कोडाइकनाल के पास स्थित एक और आकर्षक स्थल है। यहां पानी के गिरने की आवाज और आसपास का दृश्य बहुत ही आकर्षक होता है। यह झरना मुख्य रूप से ट्रैकिंग और साहसिक पर्यटन के शौकिनों के लिए एक बेहतरीन स्थल है।

**10. नैकलूट**

नैकलूट कोडाइकनाल के पास स्थित एक खूबसूरत गांव है। यहां के परिवेश में शांति और प्राकृतिक सौंदर्य की कोई कमी नहीं है। यह स्थान प्राकृतिक प्रेमियों और फोटोग्राफी के शौकिनों के लिए आदर्श है। यहां की शांति और हरियाली आपको एक अलग ही दुनिया में ले जाती है।

कोडाइकनाल एक ऐसा स्थल है, जहां प्रकृति, शांति और साहसिक अनुभवों का अद्भुत मिश्रण मिलता है। यहां के पहाड़ी दृश्य, झील, जलप्रपात, और पार्क पर्यटकों को एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करते हैं। यदि आप शांति और ठंडी जलवायु के बीच प्रकृति का आनंद लेना चाहते हैं, तो कोडाइकनाल आपके लिए एक आदर्श पर्यटन स्थल हो सकता है। यहां की हवा, वातावरण और प्राकृतिक सौंदर्य आपके मन को शांति और ताजगी से भर देंगे।

## हजारों ख्वाहिशें ऐसी के 20 साल पूरे, चित्रांगदा सिंह ने बताया, कैसी थी शूटिंग के वक्त हालत



सुधीर मिश्रा की फिल्म हजारों ख्वाहिशें ऐसी के रिलीज होने के 20 साल पूरे हो गए। अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह ने पुरानी यादों को ताजा करते हुए बताया कि इस फिल्म ने उन्हें सिनेमा की दुनिया से परिचित कराया था।

सेट पर अपने पहले दिन को याद करते हुए, चित्रांगदा ने एक दिल छू लेने वाला वाकया शेयर किया।

उन्होंने कहा, पहली बार मैंने एक सही मूवी कैमरा देखा था, वो भी शूटिंग के अपने पहले दिन। यह वह सीन था, जहां केके का किरदार गेस्ट हाउस में गीता से मिलने आता है। यह एक भावनात्मक क्षण था, जिसे लेकर मैं घबराई हुई थी। मैं उस एहसास को कभी नहीं भूल सकती। मुझे लगता है कि मैंने दो या तीन टेक में शॉट ओके कर दिया। सुधीर मिश्रा ने बस इतना ही कहा, चित्रांगदा, फिल्मों में आपका स्वागत है। मुझे आज भी वह दिन बहुत स्पष्ट रूप से याद है। सुधीर मिश्रा के निर्देशन में बनी, हजारों ख्वाहिशें ऐसी एक कल्ट क्लासिक बन गई, जिसे इसकी कहानी और मजबूत अभिनय के लिए सराहा गया। गीता के रूप में चित्रांगदा के चित्रण ने एक स्थायी छाप छोड़ी और दो दशक बाद भी इसकी सफलता का जश्न मनाया गया। भारतीय इमरजेंसी की पृष्ठभूमि पर आधारित, हजारों ख्वाहिशें ऐसी 1970 के दशक के तीन युवाओं के इर्द-गिर्द घूमती है, जब भारत बड़े पैमाने पर सामाजिक और राजनीतिक बदलावों से गुजर रहा था। फिल्म का टाइटल उर्दू शायर मिर्जा गालिब के शेर से लिया गया है। चित्रांगदा अपनी पहली फिल्म में केके मेनन और शाइनी आहूजा के साथ नजर आई थीं। हाल ही में, चित्रांगदा को नेटफ्लिक्स सीरीज खाकी: द बंगाल चैप्टर में देखा गया था, जिसमें वह निबेदिता बसाक की भूमिका निभा रही हैं। इसके बाद, वह अक्षय कुमार के साथ बहुप्रतीक्षित सीक्वल हाउसफुल 5 में नजर आएंगी। इसमें चित्रांगदा के साथ रितेश देशमुख, संजय दत्त, फरदीन खान, नाना पाटेकर, जैकी श्रॉफ, डिनो मोरिया, जैकलीन फर्नांडीज, नरगिस फाखरी, सोनम बाजवा, सौंदर्या शर्मा और चंकी पांडे जैसे एक्टर्स मुख्य भूमिकाओं में हैं।

## निर्णय लेने में होती है कठिनाई?

निर्णय लेने की क्षमता हर व्यक्ति के लिए बहुत जरूरी होती है। कभी-कभी हम छोटे-छोटे फैसले भी लेने में देर कर देते हैं, जिससे हमारा समय बर्बाद होता है और तनाव बढ़ता है।

इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताएंगे, जिनसे आप अपनी निर्णय लेने की क्षमता को बेहतर बना सकते हैं और समय की बचत कर सकते हैं।

सही तरीके से निर्णय लेने से आप अपने जीवन को अधिक व्यवस्थित और संतुलित बना सकते हैं।

प्राथमिकताएं तय करें

निर्णय लेने से पहले यह जानना जरूरी है कि कौन-सा काम सबसे ज्यादा अहम है। इससे आपको पता चलेगा कि किस काम को पहले करना चाहिए और किसे बाद में टाल सकते हैं।

इससे आपका समय भी बचेगा और आप बिना किसी तनाव के अपने काम कर पाएंगे।

प्राथमिकताएं तय करने से आप अपने दिनचर्या को बेहतर बना सकते हैं और अनावश्यक तनाव से बच सकते हैं। सही प्राथमिकता तय करने से आप अधिक उत्पादक बन सकते हैं।

जानकारी इकट्ठा करें

निर्णय लेने से पहले जरूरी है कि आप उस विषय पर पूरी जानकारी इकट्ठा कर लें। इससे आपको सही विकल्प चुनने में मदद मिलेगी और गलत फैसले



लेने की संभावना कम होगी।

इंटरनेट, किताबें या विशेषज्ञों से सलाह लेकर आप सही जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

जानकारी इकट्ठा करने से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और आप अधिक सोच-समझकर निर्णय ले पाएंगे। सही जानकारी के साथ लिया गया निर्णय अधिक प्रभावी और संतुलित होगा।

छोटे-छोटे विकल्प आजमाएं

अगर आपको किसी बड़े फैसले को लेकर उलझन हो रही हो तो छोटे-छोटे विकल्प आजमाकर देख सकते हैं। इससे आपको यह समझने में मदद मिलेगी कि सही विकल्प कौन-सा हो सकता है।

उदाहरण के लिए अगर आपको यह तय करना हो कि कौन-सा कपड़ा पहनना चाहिए तो पहले दोनों विकल्पों को अलग-अलग समय पर पहनकर देखें कि कौन सा अधिक आरामदायक है। इससे आप बिना किसी दबाव के सही निर्णय ले पाएंगे और समय की बचत होगी।

दूसरों की राय लें

कभी-कभी हम खुद से ज्यादा दूसरों की राय पर भरोसा करते हैं। इसलिए जब भी कोई अहम फैसला लेना हो तो दोस्तों या परिवार वालों से सलाह लें।

उनके अनुभव और सुझाव आपके लिए मददगार साबित हो सकते हैं। इससे आपको अलग नजरिए से सोचने का मौका मिलेगा और आपका निर्णय अधिक संतुलित होगा।

सही सलाह और समर्थन से आप अपने फैसलों में अधिक आत्मविश्वास महसूस करेंगे और गलत निर्णय लेने की संभावना कम होगी।

समय सीमा निर्धारित करें

निर्णय लेने के लिए एक निश्चित समय सीमा तय करें ताकि आप बेवजह देर न करें।

उदाहरण के लिए अगर आपको यह तय करना हो कि कौन-सा खाना बनाना है तो खुद से कहें कि मुझे 10 मिनट के अंदर यह फैसला करना है। इससे आप जल्दी और सही निर्णय ले पाएंगे।

इस तरह आप अपनी रोजमर्रा की चुनौतियों का सामना बेहतर तरीके से कर सकते हैं और अधिक उत्पादक बन सकते हैं।



## झुर्रियां मिटाने के लिए महिलाएं करवा रही हैं लेजर स्किन टाइटनिंग, क्या यह वाकई है असरदार?

30 की उम्र तक आते-आते चेहरे पर झुर्रियां, झाइयां और महीन रेखाएं दिखने लग जाती हैं। ये बढ़ती उम्र के लक्षण होते हैं, जो महिलाओं के आत्मविश्वास को प्रभावित कर सकते हैं।

इनसे निपटने के लिए एक खास उपचार करवाया जाता है, जिसे लेजर स्किन टाइटनिंग कहते हैं। इस उपचार की मदद से चेहरे, गर्दन और पेट आदि की ढीली त्वचा में कसाव आ जाता है।

आइए त्वचा की देखभाल के इस उपचार के बारे में जानते हैं।

**पहले जानिए क्या होती है लेजर स्किन टाइटनिंग**

लेजर स्किन टाइटनिंग बिना सर्जेरी वाला एक कॉस्मेटिक उपचार है, जो शरीर के प्राकृतिक कोजन उत्पादन को बढ़ता है।

इससे ढीली और लटकने वाली त्वचा कस जाती है और बुढ़ापे के लक्षण कम हो जाते हैं। इस उपचार में त्वचा की परतों को धीरे-धीरे गर्म करने के लिए लेजर ऊर्जा का उपयोग किया जाता है।

गर्मी त्वचा की मरम्मत प्रक्रिया को सक्रिय करती है और कोलेजन को बढ़ाती है, जिसकी मदद से त्वचा कसी हुई दिखाई देती है।

**लेजर स्किन टाइटनिंग करवाने की प्रक्रिया**

लेजर स्किन टाइटनिंग की प्रक्रिया त्वचा की जांच से शुरू होती है। इस दौरान त्वचा विशेषज्ञ मरीज की जरूरतों को सुनते और समझते हैं।

इसके बाद त्वचा को साफ किया जाता है और आखों पर सुरक्षा वाला चश्मा लगाया जाता है। हाथ में पकड़े जाने वाले लेजर उपकरण को त्वचा पर धीरे-धीरे घुमाया जाता है।

इस दौरान इन्फ्रारेड लाइट लेजर का इस्तेमाल किया जाता है। लेजर त्वचा की गहरी परतों में प्रवेश करके त्वचा के ऊतकों को कस देती है।

**लेजर स्किन टाइटनिंग करवाने के फायदे**

लेजर स्किन टाइटनिंग के कई लाभ होते हैं। यह उपचार मुख्य रूप से त्वचा को फिर से जवान दिखाने और उसकी बनावट में सुधार करने में मदद करता है।

इसके जरिए त्वचा में कसाव आ जाता है, झुर्रियां कम हो जाती हैं और त्वचा की बनावट और रंगत में भी सुधार हो जाता है।

इस उपचार को करवाने के बाद त्वचा के खुले हुए रोमछिद्र कम हो जाते हैं और प्राकृतिक निखार भी मिलता है।

**इस उपचार को करवाने से पहले रखें इन बातों का ध्यान**

इस उपचार को करवाने से पहले आपको कुछ बातों का ध्यान जरूर रखना चाहिए। स्किन टाइटनिंग करवाने से करीब 2 हफ्ते पहले से ही धूप के संपर्क में बिलकुल न आएं।

इसके अलावा, कुछ दिनों पहले से ही रेटिनोइड्स या एक्सफोलीएटिंग एसिड जैसे तत्वों से लैस उत्पाद भी इस्तेमाल न करें।

उपचार से पहले और उसके बाद भी ढेर सारा पानी पिएं और स्किन टाइटनिंग करवाते समय मेकअप लगाकर न जाएं।

## शब्द सामर्थ्य -024

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 023 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | |
| प | | ति | | | र | क्ष | क | |
| र | ह | मा | न | | | | | आ |
| वा | | | मि | थु | न | | दा | स |
| ह | वा | ला | त | | सी | ता | | पा |
| | न | | | | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | | म | | त | | |
| ला | | बे | च | ना | | व | च | न |
| द | ह | ला | | ना | ग | र | | दी |



## बोल्ड अवतार में पूल किनारे दिखीं भोजपुरी स्टार मोनालिसा

भोजपुरी इंडस्ट्री की ग्लैमरस और चर्चित एक्ट्रेस मोनालिसा एक बार फिर अपने हॉट लुक को लेकर सुर्खियों में हैं. उन्होंने हाल ही में इंस्टाग्राम पर कुछ बोल्ड तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह पूल किनारे स्टाइलिश बिकिनी आउटफिट में नजर आ रही हैं. सिर पर हैट और चेहरे पर कॉन्फिडेंस, इस अंदाज में मोनालिसा ने अपने फैंस का दिल जीत लिया है. पूल के किनारे जीवन अच्छा है कैप्शन के साथ शेयर की गई इन तस्वीरों में मोनालिसा का अंदाज और आत्मविश्वास काबिल-ए-तारीफ है. फोटो में उन्होंने एंजलट्ठक्रोशेट स्विमवियर का आउटफिट पहना है. उनकी इस तस्वीर पर लाखों लाइक्स आ चुके हैं और कमेंट सेक्शन में फैंस जमकर तारीफ कर रहे हैं. एक्ट्रेस नायरा बनर्जी ने भी कमेंट करते हुए लिखा, हे भगवान वहीं कई फैंस ने उन्हें गॉर्जियस, हॉट, क्वीन जैसे शब्दों से नवाजा. मोनालिसा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन अपनी लाइफस्टाइल से जुड़ी झलकियां फैंस के साथ साझा करती हैं.

अंग्रेजी शराब दुकान के सामने खुले रूप से शराबी पीते हैं शराब

# शराब की बोतलों के बीच खेलते हैं बच्चे, क्या होगा नौनिहालों का भविष्य

## शराब दुकान बनी जनसुरक्षा के लिए खतरा, प्रशासन मौन

**कोरिया चरचा कालरी।** नगर पालिका शिवपुर चर्चा के मुख्य मार्ग पर स्थित सरकारी अंग्रेजी शराब दुकान क्षेत्रवासियों के लिए परेशानी का बड़ा कारण बन चुकी है। दुकान के ठीक सामने प्रतिदिन खुलेआम शराबियों की महफिल जमती है और नशेड़ी सड़क के दूसरी ओर बैठकर खुलेआम शराब का सेवन करते हैं। यह शराबी पीने के बाद शराब की खाली बोतलें उसी सार्वजनिक स्थान पर फेंकते हैं, जिससे गंदगी फैलती है और वातावरण दूषित होता है।

अंग्रेजी शराब दुकान के चारों ओर आवासीय कॉलोनी है शराब दुकान के सामने खाली जगह है जहां पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम सरस्वती पूजा, गणेश पूजा आदि होता है व इसी स्थल के बगल में शराब दुकान के ठीक सामने नगर पालिका द्वारा ओपन जिम लगाया गया है जहां पर आसपास के रहने वाले बच्चे खेलते हैं और शराबियों के द्वारा फेके गए कांच के बोतलों के टुकड़ों से चोटिल हो जाते हैं शराबियों और शराब की बोतलों को देखते-देखते बच्चों के मन मस्तिष्क पर भी बेहद बुरा प्रभाव पड़ रहा है कम उम्र में ही उन्हें यह मालूम हो गया की शराब क्या है और शराब पीने से क्या होता है यही बच्चे आगे चलकर शराब के नशे की लत में आ जाते हैं। अंग्रेजी शराब दुकान के सामने श्रद्धालुओं, आम नागरिकों और स्कूल जाने वाले हजारों बच्चों का मुख्य दैनिक मार्ग है। इसी रास्ते से जिला प्रशासन के मुख्यालय अधिकारी भी आना-जाना करते हैं अंग्रेजी शराब दुकान के सामने हो रही



खुलेआम शराबखोरी से महिलाओं और बच्चियों को असहजता का सामना करना पड़ता है। साथ ही बच्चों के कोमल मन-मस्तिष्क पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वे यह सोचने लगते हैं कि आखिर इन बोतलों में ऐसा क्या है जिसके पीछे इतनी भीड़ लगी रहती है। प्रशासन द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने पर रोक के बावजूद यहाँ हर दिन खुलेआम शराब का सेवन होता है, यह निरंकुश शराबी एक तरह से खुलेआम प्रशासन को चुनौती देते प्रतीत हो रहे हैं शराब दुकान में। शराबियों द्वारा अक्सर हंगामा, झगड़ा और अभद्रता भी देखने को मिलती है जिससे क्षेत्र की शांति भंग होती है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि आबकारी और पुलिस विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इसी मार्ग से प्रतिदिन गुजरते हैं, लेकिन अब तक जनहित में कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है।

चर्चाकालरी की यह शराब दुकान घनी आबादी और रिहायशी कॉलोनी के बीच मुख्य मार्ग पर स्थित है, जबकि जिले के अन्य क्षेत्रों में शराब की दुकानें सड़कों से किनारे लगाई गई हैं। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि आबकारी विभाग इस ओर आंखें क्यों मूंदे हुए है? यदि दुकान के सामने सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं तो शराबियों की हरकतें साफ रिकॉर्ड हो सकती हैं और प्रशासन के पास कार्यवाही करने के पर्याप्त साक्ष्य भी होंगे। दुकान पर कई बार विवाद की स्थिति भी बन चुकी है, लेकिन उसके बावजूद संबंधित विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। जनहित में यह आवश्यक है कि इस शराब दुकान को घनी बस्ती से हटाकर कहीं और स्थानांतरित किया जाए और सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। अब समय आ गया है कि प्रशासन अपनी जिम्मेदारी को समझे और संवेदनशीलता दिखाते हुए क्षेत्रवासियों की समस्याओं का समाधान करे।



## बाइक समेत पुल से 15 फीट नीचे गिरा युवक ऑन द स्पॉट डेथ, राहगीरों की पड़ी नजर

**रामानुजगंज।** रामानुजगंज-मितगई मार्ग पर स्थित वन वाटिका के पास एक बाइक अनियंत्रित होकर पुल से 15 फीट नीचे बने नाले में जा गिरी। इससे विजयनगर निवासी राजेंद्र भुइयां की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों द्वारा इसकी सूचना रामानुजगंज थाने में दी गई। सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची और शव बरामद कर पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के विजयनगर निवासी राजेंद्र भुइयां उम्र 38 वर्ष किसी काम से शनिवार की सुबह रामानुजगंज आया था। यहां से लौटने के दौरान रामानुजगंज-मितगई मार्ग पर स्थित वन वाटिका के आगे वह बाइक समेत अनियंत्रित होकर पुल के नीचे नाले में जा गिरा। हादसे में सिर सहित शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोट आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सुबह 10 बजे राहगीरों के द्वारा इसकी सूचना रामानुजगंज पुलिस को दी गई। जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को नाले से बाहर निकाला। फिर रामानुजगंज के 100 बिस्तर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया। इस मामले में रामानुजगंज थाना प्रभारी अजय साहू ने बताया कि घटना पर मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। बाइक से पुलिया के नीचे गिरने पर मौत की संभावना लग रही है, परंतु स्पष्ट करना पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा।

## तालाब में डूबकर मासूम की मौत, दूसरी गंभीर

**रायपुर।** न्यायधानी बिलासपुर में दो सगी बहने तालाब में डूब रही थी। इनमें से एक की मौत हो गई, वहीं दूसरे की हालात गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बिहार निवासी विकास साहू अपने परिवार के साथ तिफरा में किराए का मकान लेकर रहता है और फेरी लगाकर अपनी रोजी-रोटी कमाता है। रोज की तरह वह फेरी लगाने के लिए निकल गया था। इस दौरान उसकी दोनों बेटियां अनोखा कुमारी 4 वर्ष और बबीता कुमारी 6 वर्ष घर के पास खेल रहे थे।




## नवनिर्वाचित पदाधिकारी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**कोरिया छत्तीसगढ़।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के नव निर्वाचित प्रदेश प्रतिनिधियों,पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह रायपुर के शहीद स्मारक ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन रमन सिंह पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधान सभा अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल, रमेश बैश पूर्व सांसद, राज्यपाल की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिसमें चेंबर ऑफ कॉमर्स कोरिया से निर्विरोध सर्वसम्मति से निर्वाचित प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता एवं प्रदेश मंत्री शैलेन्द्र शर्मा ने भी निर्वाचन प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुए पद की गोपनीयता की शपथ ली। जिस पर चेंबर ऑफ कॉमर्स कोरिया के सदस्यों ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी।

## पलटनिया मोड़ में पलट गई बारातियों से भरी पिकअप 11 वर्षीय बच्चे की मौत, आधा दर्जन घायल

**रामानुजगंज।** बारातियों से भरी पिकअप बलरामपुर जिले के पलटनिया मोड़ पर शुक्रवार की रात पलट गई। हादसे में 11 वर्षीय बालक की मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन लोग घायल हो गए। इनमें 2 बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही है। दोनों को अंबिकापुर अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। वहीं अन्य घायलों का भी इलाज जारी है। हादसे में बालक की मौत से शादी वाले घर में मातम पसर गया है। शुक्रवार की देर रात रामचंद्रपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत शिवपुर से बारात के लिए पिकअप वाहन मितगई के लिए निकला। पिकअप वाहन में 11 बच्चे भी सवार थे। मितगई से पहले पलटनिया मोड़ में पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें करीब आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए।



घटना के बाद वाहन छोड़ चालक फरार हो गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस सभी घायलों को रामानुजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आई। यहां करमदयाल उम्र 11 वर्ष को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं सुरेश सिंह उम्र 10 वर्ष और मनदीप सिंह उम्र 14 वर्ष की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें अंबिकापुर रेफर कर दिया गया है। जबकि आधा दर्जन घायलों का इलाज रामानुजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है। रामानुजगंज पुलिस ने शनिवार को शव का पंचनामा करवाने के बाद पीएम करवाकर परिजन को सुपुर्द कर दिया है। रामानुजगंज थाना प्रभारी अजय साहू ने बताया कि मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है। वाहन मालिक का पता चल गया है जल्द फरार आरोपित को पकड़ लिया जाएगा। पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं हादसे में बालक की मौत से शादी वाले घर में मातम पसर गया है।

## शादी समारोह से लौट रहा व्यक्ति सड़क हादसे का शिकार, घायल अवस्था में पड़ा रहा पूरी रात, हो गई मौत



**अंबिकापुर।** मैनपाट के रोपाखार के पास एक ग्रामीण सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। पूरी रात घायल अवस्था में पड़े रहने के कारण उसकी मौत हो गई। ग्रामीण शादी में शामिल होकर शुक्रवार की रात बाइक से अपने घर लौट रहा था। सूचना पर सुबह पुलिस मौके पर पहुंची और शव बरामद कर पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया। पीएम पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया गया।

मैनपाट ब्लॉक के ग्राम पैगा निवासी भोला राम यादव (61) शुक्रवार की शाम शादी समारोह में शामिल होने कमलेश्वरपुर गया था। शादी में शामिल होने के बाद रात करीब 10 बजे वह लौट रहा था। कमलेश्वरपुर कार्निवाल मैदान स्थित रोपाखार के पास उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई। इससे भोला राम सड़क पर गिर गया और गंभीर रूप से जख्मी हो गया। शनिवार की सुबह लोगों ने देखा तो घटना की जानकारी कमलेश्वरपुर पुलिस को दी। घटनास्थल पर उसकी बाइक भी पड़ी हुई थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे इलाज के लिए कमलेश्वरपुर अस्पताल भिजवया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया बताया कि जहां भोला राम यादव हादसे का शिकार हुआ, उस मार्ग का उपयोग कम लोग करते हैं। आशंका है कि वह मदद के लिए आवाज भी लगाई होगी, लेकिन डर से कोई उसकी मदद करने नहीं पहुंचा होगा। वहीं घायल अवस्था में पूरी रात पड़े रहने के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## चोरी का आरोप लगाकर परिवार की 2 महिला व 4 युवकों की बेदम पिटाई

**अंबिकापुर।** शहर से लगे सद्भावना ग्राम तकिया में चोरी का आरोप लगाकर पड़ोस के ही युवकों ने एक ही परिवार की 2 महिला व 4 पुरुषों की बेदम पिटाई की। आरोपियों ने घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया। इतने से भी मन नहीं भरा तो पुरुष सदस्यों का हाथ-पैर बांधकर लाठी-डंडे से बेरहमी से मारपीट की गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने बीच-बचाव कर पीड़ितों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। पीड़ित युवक की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने 3 नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि अन्य की तलाश जारी है। लुण्ड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम बहेराडीह का शाहिद अंसारी वर्तमान में अपने परिवार के साथ तकिया मजार के पास साहेब हुसैन के यहां किराए के मकान में रहता है। 18 अप्रैल की सुबह करीब 7 बजे वह अपने परिवार के साथ घर में था। इस दौरान किसी काम से परिचित अजबनगर निवासी मनोज बाइन और गोधनपुर निवासी मंजीत सिंह उसके घर में आए थे। इसी बीच मोहल्ले में रहने वाले रमजान व अन्य 8-10 लोग शाहिद के घर के आंगन में पहुंचे और पूरे परिवार को घर से बाहर आने के लिए कहा। शाहिद और उसका बड़ा भाई वाहिद, इनके माता-पिता, शाहिद की पत्नी आकृति ऊर्फ पारूल व दोस्त मनोज बाइन व मंजीत सिंह सभी बाहर आंगन में आए। इनके बाहर आने पर रमजान, अतीक, छोटू व उसके साथी चोरी का आरोप लगाकर गाली-गलौज करने लगे। फिर पूरे परिवार की हाथ-मुक्के व डण्डे से बेरहमी के साथ मारपीट की।



## बारातियों से भरी वैन पेड़ से टकराई, एक युवक की मौत, 5 घायलों में 2 की हालत गंभीर



**बिश्रामपुर।** सूरजपुर जिले के ग्राम पंचायत रामनगर में पासन नाला के पास शुक्रवार की दोपहर 2.30 बजे हुए सडक़ हादसे में एक युवक की मौत हो गई। दरअसल एक मारुति ओमनी वैन पेड़ से टकरा गई थी, हादसे में कार चालक रामेश्वर राजवाड़े पिता चंद्रिका उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम रूनियाडीह की मौत हो गई, जबकि कार में सवार 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी बारात जा रहे थे। सूरजपुर जिले के ग्राम रुनियाडीह निवासी 6 लोग वैन क्रमांक सीजी 29 ए 3699 से शुक्रवार को ग्राम रूनियाडीह से नवाबांध कुंवरपुर के लिए बारात जाने निकले थे। रास्ते में दोपहर 2.30 बजे रामनगर के पासन नाला के समीप वैन अचानक अनियंत्रित हो गई और सडक़ किनारे पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वैन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और सवार 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी और घायलों को बिश्रामपुर अस्पताल पहुंचाया गया। यहां डॉक्टर ने वाहन चालक रामेश्वर राजवाड़े को मृत घोषित कर दिया। हादसे में 5 अन्य घायलों में से 2 की हालत गंभीर देखकर सूरजपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों में चाहत उम्र 18 वर्ष, अशोक उम्र 26 वर्ष, गोहन उम्र 21 वर्ष व दो अन्य शामिल हैं।

## 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम मई के प्रथम सप्ताह में

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) द्वारा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा के नतीजे मई के पहले सप्ताह में घोषित कर दिए जाएंगे। बताया गया कि आंसर सीट का मूल्यांकन पूरा हो चुका है. बोर्ड परीक्षाओं के उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन प्रदेश के 36 केन्द्रों में किया गया. माशिमं द्वारा मूल्यांकन दो चरणों में कराया गया. दूसरे चरण का मूल्यांकन पूरा करने के लिए 18 अप्रैल की तिथि निर्धारित की गई थी. माशिमं की अध्यक्ष श्रीमती रेणु जी. पिल्ले एवं सचिव श्रीमती पुष्पा साहू द्वारा रोजाना सभी जिले से मूल्यांकन की स्थिति की जानकारी ली गई. जिस केन्द्र में मूल्यांकन की रफ्तार धीमी थी, वहां वस्तुस्थिति की जानकारी लेकर तेजी लाने की व्यवस्था की गई. मूल्यांकन के पूर्व ही समस्त मूल्यांकन केन्द्र के प्रभारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिसके अनुसार ही मूल्यांकन कराया गया.बताते हैं कि इस बार मूल्यांकनकर्ताओं की संख्या बढ़ाई गई ताकि न केवल मूल्यांकन समय पर पूरा हो सके, बल्कि किसी मूल्यांकनकर्ता के अनुपस्थित रहने पर भी संबंधित विषय का मूल्यांकन कार्य प्रभावित न हो. प्राप्त जानकारी के अनुसार माशिमं मई के पहले सप्ताह में दोनों परीक्षाओं के नतीजे एक साथ घोषित करने की तैयारियों में जुटा हुआ है. मूल्यांकन के तत्काल बाद नतीजे तैयार करने का काम तेजी से हो रहा है. पिछले साल 9 मई को आए थे नतीजे -माशिमं द्वारा पिछले साल 9 मई को दोनों कक्षाओं के नतीजे जारी किए गए थे।

## देश के पेंशनरों को लागू होने वाले आठवें पे कमीशन में आर्थिक लाभों से वंचित करना अनुचित होगा: नामदेव

**मनेंद्रगढ़।** केंद्र सरकार ने 25 मार्च को संसद में वित्त विधेयक पेश कर सीसीएस (पेंशन) नियमों मे संशोधन किया है। इस संशोधन के तहत 31 दिसंबर 2025 तक पेंशन ले रहे पेंशनभोगियों को आगामी 1 जनवरी 26 से लागू होने वाले 8 वें वेतन आयोग के लाभ से बाहर कर दिया गया है। केन्द्र सरकार का यह निर्णय सेवानिवृत शासकीय सेवकों के अधिकारों का उल्लंघन है। संवेदनहीन है और संविधान में प्रदत्त लाभ के अधिकार के विरुद्ध है अत: सरकार को इस विधेयक को निरस्त करना चाहिए। इसको लेकर भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ देश भर में विधेयक के वापसी को लेकर आंदोलन छेड़ने की तैयारी कर रही है केंद्र और राज्य में पेंशनर संगठनों को एकजुट कर आंदोलनात्मक कार्यक्रम की शीघ्र घोषणा की जाएगी।उक्त बाते पेंशनरों की बैठक में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने कही और उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सी एच सुरेश ने प्रधान मंत्री को पत्र भेजकर इस विधेयक पर विरोध जताया है और देश के पेंशनरों के हित में इस विधेयक को वापस लेने की मांग की है। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के कार्यालय में आज बैठक हुई। पेंशनरों की समस्याओं पर चर्चा हुई। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य के पेंशनर्स और परिवार पेंशनरों को महंगाई राहत देने में विलंब किए जाने पर असंतोष जाहिर किया गया। जारी विज्ञप्ति में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश नेता क्रमश: वीरेन्द्र नामदेव, जे पी मिश्रा,द्रोपदी यादव,पूरन सिंह पटेल, अनिल गोल्हानी, बी एस दसमेर, प्रदेश में विभिन्न जिलों के नेता बी के वर्मा दुर्ग, आर एन टाटी बस्तर, राकेश जैन बिलासपुर, आर जी बोहरे रायपुर , आई सी श्रीवास्तव राजनांदगांव, ओ पी भट्ट कांकेर, एस के घातोडे कोंडागांव, आर डी झाड़ी बीजापुर, एस के कनौजिया सुकमा , पी एन उड़कुड़े दंतेवाड़ा, एस के देहारी नारायणपुर, सतीश उपाध्याय मनेंद्रगढ़ चिरमिरी, प्रेमचंद गुप्ता बैकुंठपुर , सन्तोष ठाकुर सूरजपुर, माणिक चंद्र अंबिकापुर, महावीर राम बलरामपुर, रमेश नंदे जशपुर नगर, अभय शंकर गौराहा रायगढ़, देवनारायण साहू सारंगढ़, पुरषोत्तम उपाध्याय सक्ती, एम एल यादव कोरबा, परमेश्वर स्वर्णकार जांजगीर चांपा भैयालाल परिहार मुंगेली,यवन कुमार डिंडोरे बेमेतरा तथा आर ए शर्मा गौरेला पेंड्रा मरवाही, लोचन पांडेय, दिनेश उपाध्याय, एस के चिलमवार, ए के कनेरिया,अनिल पाठक,नैन सिंह,अयूब खान,कुंती राणा, अनूप श्रीवास्तव, ओ डी शर्मा, अनिल तिवारी, नारायण प्रसाद यादव, जगदीश सिंह, सुजाता मुखर्जी,आर के नारद,पी एल सिंह,एम एन पाठक, एस पी एस श्रीवास्तव, शांति किशोर माझी, प्रवीण त्रिवेदी,कलावती पाण्डे,सी एल चन्द्रवंशी,रमेश नन्दे, प्रदीप सोनी,राजेश्वर राव भोसले,अनूपनाथ योगी, हरेन्द्र चंद्राकर, शिवसिंह भदौरिया, शकील अहमद,बी एल यादव, नरसिंग राम, एम आर वर्मा, मो. कासिम, डॉ दिलीप कुमार सिंहदेव, सुरेन्द्र सिंह, शिव शेखर सिंह , एस के साहू आदि ने केन्द्र सरकार से वित्त विधेयक को वापस लेने और छत्तीसगढ़ सरकार से मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 को विलोपित करने हेतु कार्यवाही करने की मांग की है। ताकि बुजुर्ग वरिष्ठ नागरिकों को जीवन पड़ाव में आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके। इस अवसर पर माह अप्रैल में जन्म लेने वाले दो साथियों क्रमश: अनिल पाठक और नरसिंग राम का पुष्पहार पहनाकर तथा गुलाब लगे गमला भेट कर अभिनंदन किया गया। उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के पदाधिकारी क्रमश: अनिल गोल्हानी, बी एस दसमेर, आर जी बोहरे, ओ डी शर्मा, आर के दीक्षित, बी एल यादव,अनिल तिवारी, एस सी भटनागर, हरेंद्र चंद्राकर, एम आर वर्मा, व्ही टी सत्यन, अनिल पाठक, नरसिंग राम, नागेन्द्र सिंह आदि ने पेंशनर्स समस्याओं पर चर्चा की और पेंशनरों को लेकर केंद्र एवं राज्य सरकार के उपेक्षात्मक रवैए पर चिंता जताई।

## रावणभाटा और बाजार से अतिक्रमण हटाने का प्रस्ताव

**कोरबा।** नगर पंचायत छूरी कला के संज्ञान में दो स्थानों पर अतिक्रमण से हो रही समस्या के मामले आए हैं इस पर कार्रवाई के लिए अधिकारियों के पास जल्द पत्राचार किया जाएगा। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत क्षेत्र में रावण भाटा और साप्ताहिक बाजार के क्षेत्र में अतिक्रमण का डेरा बढ़ गया है। इसके कारण संबंधित गतिविधियों के संपादन में समस्याएं हो रही है। इसके अलावा ऐसे मामलों के विस्तार की संभावना भी बनी हुई है। ऐसा होने पर आगामी समय में चुनौतियां बढ़ सकती हैं। इसलिए नगर पंचायत को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए प्रस्ताव बनाया है। जल्दी ही प्रशासनिक अधिकारियों के पास इस विषय को भिजवाने के साथ कार्रवाई करने को कहा जाएगा।

## आवासों को खाली कराने का मुद्दा उठा

**कोरबा।** भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन व एसईसीएल प्रबंधन के मध्य आईआर की वार्ता आयोजित की गई, जिसमें गैर बाहरी लोगों के द्वारा आवासों को कब्जा करने का मामला उठाया गया। इनको नोटिस दिये जाने के बाद भी आवास खाली नहीं हो रहा है। इसके अलावा इनके द्वारा आवासों में निर्माण कार्य कराये जा रहे है। महामंत्री रंजय सिंह, शैलेंद्र सिंह, अशोक सूर्यवंशी, संजय सिंह, नलीन पवार ने आगे कहा कि मामले को अगर प्रबंधन गंभीरता से नहीं लेती है तो कलेक्टर से मुलाकात की जायेगी। इसी तरह सुराकछार क्षेत्र के कामगारों को रजगामार स्थानांतरण किया गया है, जिसका भी विरोध किया गया और कहा गया कि इन कामगारों को वापस बुलाया जाये।

## क्रिकेट टीम घोषित

**कोरबा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने सीनियर वर्ग और अंडर-16 की कोरबा जिला की टीम घोषित कर दी है। खिलाड़ियों का चयन वरिष्ठ खिलाड़ी, कोच एवं संगठन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।

# मतलब निकलने के बाद भुगतान देने से बच रहा ठेकेदार, क्या मिलेगा पहाड़ी कोरवाओं को न्याय

### रेलेव प्रोजेक्ट में जमकर काम लिया इन लोगों से

**कोरबा।** रेलवे प्रोजेक्ट में काम कराने के बाद भी भुगतान न मिलने से पहाड़ी कोरवा आदिवासी समुदाय के मजदूर परेशान हैं। ठगी का शिकार हुए ये मजदूर अब न्याय की गुहार लिए पुलिस और प्रशासन के दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन कहीं से भी राहत नहीं मिल रही। मजदूरों को भुगतान न करना पड़े इसके लिए ठेकेदार गायब हो गया है और उसकी पत्नी का रही है कि पति दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद अस्पताल में पड़ा है तो रुपए कहां से दूं।

कोरबा जिले के ग्राम चुइया निवासी ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि बालको निवासी रेलवे ठेकेदार सुनील साहू ने उन्हें काम पर रखा था। ठेकेदार ने समय पर मजदूरी देने का वादा कर दो हफ्ते तक कड़ी मेहनत करवाई, लेकिन भुगतान के समय से पहले ही वह भाग खड़ा हुआ।



*ठेकेदार की हरकत के खिलाफ शिकायत करने पुलिस कार्यालय पहुंचे पीड़ित।*

पीड़ित मजदूरों में अधिकांश पहाड़ी कोरवा आदिवासी हैं।

सोमवार को ये ग्रामीण मजदूर पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोरबा परिसर में एकत्र हुए। जब उनसे वहां मौजूदगी का कारण पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि वे ठेकेदार द्वारा की गई ठगी के खिलाफ न्याय की मांग कर रहे हैं। मजदूरों ने सबसे पहले रेलवे ऑफिस और फिर ठेकेदार के निवास पर संपर्क किया, जहां ठेकेदार की पत्नी ने बीमारी का बहाना बनाते हुए कहा कि वह अस्पताल में भर्ती हैं।

हालांकि, जब मजदूरों ने खुद जानकारी निकाली, तो पता चला कि यह सब बहाना है और ठेकेदार जानबूझकर भुगतान से बच रहा है। न्याय की उम्मीद में मजदूर बालको पुलिस चौकी, कोतवाली और फिर उरगा थाना तक पहुंचे। लेकिन वहां से भी उन्हें अदालत जाने की सलाह देकर लौटा दिया गया। आर्थिक रूप से पहले से ही कमजोर ये पहाड़ी कोरवा आदिवासी अब बेहद असमंजस में हैं। उनका कहना है कि जब एक सरकारी प्रोजेक्ट में भी ठगी हो रही है और संबंधित विभाग कोई जिम्मेदारी नहीं ले रहा है, तो वे अपनी मेहनत की कमाई कैसे और कहां से हासिल करेंगे?

### सुराज तिहार में समाधान की है अपेक्षा

जिले में छत्तीसगढ़ सरकार का सुशासन अभियान इन दिनों चल रहा है जिसे तिहार का नाम मिला हुआ है। बड़ी संख्या में अलग-अलग विषय को लेकर लोगों ने शिकायत की है जिनका समाधान करने का दावा किया जा रहा है। सवाल यही है कि क्या रेलवे ठेकेदार के पास जिन मजदूरों ने काम किया है उन्हें राहत देने प्रशासन के अधिकारी संवेदनशीलता दिखाएंगे?

## मनमानी पर नकेल, गाड़ियों पर 21 हजार की पेनल्टी



**कोरबा।** मनमानी तरीके से कहीं भी गाड़ियों को खड़ा कर देने से समस्या पैदा हो रही है और ट्रैफिक जाम हो रहा है। ट्रैफिक पुलिस में विभिन्न मार्गों पर कार्रवाई करते हुए 21600 की पेनल्टी गाड़ी के चालक पर की।

विभिन्न क्षेत्रों में 72 छोटे-बड़े वाहन इस कार्रवाई की चपेट में आए। इनमें ट्रेलर ,हाईवा, ट्रक से लेकर चार पहिया और दोपहिया वाहन शामिल है। ट्रैफिक पुलिस की ओर से यह कार्रवाई सीएसईबी रोड, ट्रांसपोर्ट नगर और राताखार मार्ग पर की गई। पुलिस की टीम को मालूम चला कि यहां मनमाने ढंग से कहीं पर भी गाड़ियों को खड़ा कर दिया गया है और इस वजह से आवागमन की समस्या पैदा हो रही है। लगातार इस तरह के मामले सामने आने पर लोगों ने विभाग को अवगत कराया। ट्रैफिक की लोकल टीम ने संसाधन के साथ यहां उपस्थिति दर्ज कराई और ऐसी गाड़ियों को लॉक कर दिया। ट्रैफिक प्रभारी की ओर से कहा गया कि व्यवस्था को सही रखना हमारी जिम्मेदारी है और आगे भी इस प्रकार के एक्शन लिए जाते रहेंगे ताकि जनता को राहत मिल सके।



**मटकों की पूछपरख :** तापमान के तेवर में लगातार बढ़ोतरी होने के साथ लोगों के सामने चुनौतियां हैं। गर्मी से बचाव के लिए अलग-अलग प्रकार की कोशिश की जा रही है। इस मौसम में ठंडे पानी का विकल्प लोगों के लिए सबसे अच्छा है। स्थानीय स्तर पर तैयार हुए मटकों के अलावा पड़ोसी मध्य प्रदेश के चंदिया में बनने वाली मटकियां बाजार में छाई हुई है। लोगों का ऐसा मानना है कि रेफ्रिजरेटर की तुलना में इनका पानी बेहतर होता है।

## दुपहिया से गिरकर युवक की मौत

**दीपका।** रतिजा ग्राम में हुई एक घटना में युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि आज यह घटना हुई है, जिसमें दुपहिया सवार एक व्यक्ति लापरवाही पूर्वक गिर पड़ा। सर और अन्य हिस्से में उसे छोटे हैं जिसके कारण उसकी मौत होने की जानकारी मिली। दीपिका पुलिस पहुंच गई है। इस प्रकरण में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पिछले वर्ष सड़क हादसों में मृतक संख्या 846 के स्तर पर पहुंच गई थी। इनमें बड़ी संख्या भारी वाहनों से होने वाली मौत के थे और बाकी दोपहिया से। इसी बात को ध्यान में रखते हुए दोपहिया चालकों से हेलमेट लगाने की अपील की जाती रही है। ऐसे लोगों को प्रोत्साहित भी किया गया है।

## खदान को बंद कराने की तैयारी में जुटे भूविस्थापित

**कोरबा।** एसईसीएल के कुसमुंडा, गेवरा, दीपका, कोरबा क्षेत्र के प्रभावित गांव के भू विस्थापितों ने छत्तीसगढ़ किसान सभा और भू विस्थापित रोजगार एकता संघ के नेतृत्व में लंबित रोजगार प्रकरणों का तत्काल निराकरण,खमहरिया की जमीन किसानो को वापस करने,आउट सोर्सिंग कार्यों में प्रभावित भू विस्थापितों को रोजगार प्रदान करने,नए पुराने नाम पर मुआवजा कटौती बंद करने,विस्थापित सभी परिवार को बसावट देने एवं बसावट गांव में मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने की मांग को लेकर 22 अप्रैल को कोल इंडिया के मेगा प्रोजेक्ट कुसमुंडा और गेवरा खदान बंद हड़ताल करने की घोषणा की है।

किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव ने कहा की सभी भू विस्थापित किसानों जिनकी जमीन एसईसीएल ने अधिग्रहण किया है उन सभी खाते पर भू विस्थापितों को स्थाई रोजगार एसईसीएल को देना होगा। विकास परियोजना के नाम पर गरीबों को सपने दिखा कर करोड़ों लोगों को विस्थापित किया गया है अपने पुनर्वास और रोजगार के लिये भू विस्थापित परिवार आज भी भटक रहे हैं।विकास के नाम पर अपनी गांव और जमीन से बेदखल कर दीये गए विस्थापित परिवारों की जीवन स्तर सुधरने के बजाय और भी बदतर हो गई है। कोरबा जिले की विकास की जो नींव रखी गई है उसमें प्रभावित परिवारों की अनदेखी की गई है। लगातार संघर्ष के बाद खानापूर्ति के नाम पर कुछ लोगों को रोजगार और बसावट दिया गया

### प्रबंधन का दावा- उत्पादन रहेगा जारी

दूसरी और साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड कुसमुंडा प्रबंधन की ओर से दावा किया गया है कि मेगा प्रोजेक्ट में पहले की तरह कोयला उत्पादन से लेकर ओवर वर्णन और डिस्पैच जैसी गतिविधियां बेहतर तरीके से चलती रहेगी। कथित बंद के ऐलान को लेकर हमारी अपनी स्ट्रेटजी है और हम इस फेलियर करने के लिए प्रयासरत है। प्रबंधन की प्रतिबद्धता अपने नियमित कार्यों और अन्य सरोकारों को लेकर है और इसके लिए लगातार संपादन किया जा रहा है। अनावश्यक प्रदर्शन से संबंधित चुनौतियां से निपटने की हमारी तैयारी है। हम पहले भी इस तरह के प्रदर्शन देख चुके हैं।


## इमलीछापर चौक पर लग रहे जाम से लोग परेशान



**कोरबा।** कुसमुंडा का रेलवे फाटक लम्बे समय से आम लोगो के लिए जी का जंजाल बनकर रह गया है । रेलवे फाटक को घंटो बंद करने से आम जनता को परेशानी तो होथी है । वही गर्मी के कारण जाम में फंसे रहने के आम जनता खासकर की महिलाएं गस खाकर गिर रही है । उस पर खदान में जाने वाली भारी वाहनों का जाल लोगो की जान के लिए खतरा बना हुआ है।

भारी वाहनों के चालक अपनी गाड़ियों को खदान में एंट्री दिलवाने के लिए बेततिब ढंग से वाहनों को चौक में लगा रहे है । जिसपर स्थानीय पुलिस का कोई कंट्रोल नही है वाहन चालक पुलिस के होते हुए भी अपने वाहनों को एक के पीछे एक लगाने पर भरोसा नही कर रहे है।

रेलवे अपने मनमर्जी चलाते हुए फाटक को घंटो बंद कर देता है जिससे भारी वाहनों का जाल ईमलीछापर चौक में इस कदर लग जाता है।


कृषि, कौशल उन्नयन, पर्यटन और उद्योग के क्षेत्र में संतुलित विकास के साथ


विकसित बस्तर की ओर

नक्सल हिंसा के चलते लंबे समय से विकास से अछूते रहे बस्तर क्षेत्र में अब सुनियोजित रणनीति के साथ समस्या के उन्मूलन पर काम हो रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार एक तरफ नक्सलवाद के खिलाफ ठोस रणनीति बनाकर एक निश्चित समय अवधि तक इसके संपूर्ण उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध होकर काम कर रही है, तो वहीं दूसरी ओर बस्तर में समावेशी विकास के लिए एक विस्तृत रोड मैप पर कार्य चल रहा है। कृषि, पर्यटन, उद्योग और कौशल उन्नयन पर यहां सरकार का विशेष फोकस है। बस्तर में उपलब्ध संसाधनों और वहां की भौगोलिक, सामाजिक स्थितियों के आधार पर विकास का एक प्रारूप तैयार किया गया है, जिसके आधार पर विकसित बस्तर की बुनियाद रखी जा रही है।

पर्यटन: सांस्कृतिक पहचान से समृद्धि की ओर

बस्तर दशहरा की अपनी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान है, जिसे अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर ले जाने की योजना बनाई गई है। यह न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि स्थानीय हस्तशिल्प, पारंपरिक व्यंजन और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों को वैश्विक पहचान दिलाएगा। बस्तर पर्यटन सर्किट को विकसित करने, तीरथगढ़ जलप्रपात पर पारदर्शी पुल बनाने और स्थानीय युवाओं को पर्यटक गाइड के रूप में प्रशिक्षित करने की योजनाएं रोजगार, निवेश और सांस्कृतिक जागरूकता के तीनों पहलुओं को साधती हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार द्वारा बस्तर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए होम स्टे, कैंपिंग और ईको पर्यटन की सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। बस्तर जिले में कोसारटेडा सिंचाई जलाशय को अब ईको-टूरिज्म हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। इससे यहां के महिला स्व-सहायता समूहों और ग्रामीण युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने पहले साल के कार्यकाल में बस्तर के नक्सल प्रभावित इलाकों में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। नक्सलियों के खिलाफ आक्रामक अभियान चलाकर, इस साल सबसे ज्यादा नक्सलियों को मार गिराया गया है। अब सरकार का



लक्ष्य बस्तर को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना है। चित्रकोट वाटर फॉल को नियाग्रा फॉल्स जैसा खूबसूरत बताते हुए, साय ने इसे राज्य की एक बड़ी संपत्ति बनाने का वादा किया है। साथ ही, बस्तर में शांति वार्ता की पेशकश भी की गई है। नक्सलियों के पुनर्वास के लिए नई नीति के तहत, आत्मसमर्पित नक्सलियों और हिंसा के पीड़ितों को 15,000 घर दिए जाएंगे, कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा और 10,000 रुपए प्रति माह का वजीफा दिया जाएगा। बस्तर के धुड़मारास गांव को UNWTO की तरफ से सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव के रूप में मान्यता मिलना इस बात का प्रमाण है।

कौशल उन्नयन: बस्तर के युवाओं को मिलेगा नया भविष्य

बस्तर के युवाओं को अब तक या तो शहरी पलायन का विकल्प मिलता था या नक्सल संगठनों की ओर से बहकाने वाले रास्ते। "विकसित बस्तर" परिस्थिति को जड़ से बदलने का प्रयास है। इसमें 90 हजार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण और 40 हजार युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। इस रणनीति का विशेष आकर्षण "आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए पुनर्वास नीति 2025" है, जिसमें रोजगार, प्रशिक्षण और पुनर्वास की ठोस व्यवस्था है। यह केवल कानून-व्यवस्था का समाधान नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता की ओर उठाया गया बड़ा कदम है। 32 नए कौशल विकास केंद्रों की स्थापना से यह प्रयास ज़मीन पर आकार लेता दिख रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने नक्सल प्रभावित बस्तर के कांकेर और कोंडागांव जिलों में स्कूली बच्चों के लिए एक महत्वपूर्णयोजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत, बच्चों को रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की शिक्षा दी जाएगी। यह पहल आदिवासी बच्चों के कौशल विकास को ध्यान में रखते हुए की गई है।

मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री के समक्ष रखा बस्तर विकास का रोड मैप

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पिछले दिनों दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर राज्य के विकास से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बस्तर के विकास के लिए तैयार किए गए मास्टर प्लान का खाका भी प्रधानमंत्री को सौंपा। छह प्रमुख एजेंडों और 19 बिंदुओं पर आधारित इस योजनाओं की श्रृंखला में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों को बुनियादी सुविधाओं, उद्योगों और पर्यटन के नए केंद्र के रूप में विकसित करने का मसौदा तैयार किया गया है। बस्तर को एक नए औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित करना, बांस, लघु वनोपज और अन्य प्राकृतिक संसाधनों के प्रसंस्करण हेतु उद्योग स्थापना, शिक्षा और कौशल विकास के लिए आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थानों की संख्या में वृद्धि, युवाओं को तकनीकी शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण देना, पर्यटन और सांस्कृतिक विकास के लिए विभिन्न कार्यों सहित नई उद्योग नीति के साथ बस्तर में संतुलित औद्योगिक विकास का रास्ता बनाना और नई नक्सली आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति के तहत किए जाने वाले कार्य शामिल है।



"बस्तर अब शांति की ओर बढ़ चुका है, अब सरकार का लक्ष्य लोगों को सम्मानजनक आजीविका देना है। सरकार न केवल कौशल विकास पर ध्यान देगी, बल्कि स्थानीय लोगों को स्थानीय संसाधनों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी कार्य करेगी। इससे बस्तर का युवा न केवल आत्मनिर्भर बनेगा, बल्कि पूरे देश और दुनिया में अपने हुनर की पहचान बना सकेगा।

श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

सामाजिक-आर्थिक बदलाव की शुरुआत

छत्तीसगढ़ के बस्तर अंचल में एक ओर प्रकृति की विराटता है, तो दूसरी ओर विकास की विफलताओं की लंबी छाया। दशकों से यह इलाका नक्सलवाद, बेरोजगारी, पलायन और उपेक्षा की जटिलताओं में उलझा रहा, लेकिन अब यह बदलाव की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अगुवाई में राज्य सरकार ने क्षेत्र के समग्र विकास के लिए योजनाओं की श्रृंखला "विकसित बस्तर की ओर", शुरू की है, जो बस्तर के समावेशी विकास, सामाजिक पुनर्निर्माण और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए एक ठोस रूपरेखा प्रदान करती है। यह केवल योजनाओं की श्रृंखला नहीं, बल्कि राज्य की उस नई सोच की झलक है, जो विकास को सुरक्षा के साथ, संस्कृति के साथ और मानवीय गरिमा के साथ जोड़ना चाहती है।



कृषि: स्थानीयता और नवाचार का संतुलन

बस्तर की अर्थव्यवस्था का मूल आधार आज भी कृषि और वनों पर आधारित जीवनशैली है। "विकसित बस्तर" तहत किसानों की आय को दोगुना करने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। इसमें कृषि उत्पादों की प्रोसेसिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग पर विशेष ज़ोर है। मोटे अनाज जैसे कोदो, कुटकी और रागी को बढ़ावा देना 'मिलेट मिशन' का हिस्सा है, जो पोषण और आय दोनों में वृद्धि कर सकता है। इसके अलावा, कृषि यांत्रिकीकरण को बढ़ावा देने के लिए हर ब्लॉक स्तर पर कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। यह कदम छोटे किसानों को आधुनिक संसाधनों से जोड़ने में मदद करेगा।



उद्योग: स्थानीय उद्यमियों के लिए सुनहरा अवसर

"विकसित बस्तर" स्थानीय युवाओं, महिला उद्यमियों और आत्मसमर्पित नक्सलियों को उद्यमिता की धारा से जोड़ने का प्रयास किया गया है। नई उद्योग नीति में इस क्षेत्र के लिए विशेष प्रावधान किए गए है, जैसे इस्पात उद्योगों को 15 वर्षों तक रॉयल्टी की प्रतिपूर्ति और आत्मसमर्पित नक्सलियों को नौकरी देने वाले संस्थानों को 5 वर्षों तक उनके वेतन का 40% सब्सिडी देना। यह कदम न केवल बस्तर की सामाजिक संरचना को सुदृढ़ करेगा, बल्कि निजी क्षेत्र को भी सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा देगा।



S-43586/85


स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com